Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...
रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

समय दर्शन

ESTD : Since 2011
संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर
निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 13, अंक 314 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, शनिवार 07 सितंबर 2024 www.samaydarshan.in

; भाजपा पर जमकर साधा निशाना

कांग्रेस में शामिल हुए विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले कुछ दिनों से चल रही कयासबाजी को विराम देते हुए ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने राजनीति के अखाड़े में उतरते हुए शुक्रवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने विनेश और बजरंग को पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा, आज का दिन बहुत बड़ा है। हम शुरू से ही पहलवानों के साथ रहे हैं और आगे भी रहेंगे। हमें इन दोनों ही पहलवानों पर गर्व है। इससे कुछ देर पहले विनेश फोगाट ने रेलवे की नौकरी से इस्तीफा देने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी थी।

दोनों ओलंपियन का पार्टी में स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, दोनों ही खिलाड़ियों ने देश का दिल जीता है।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद विनेश फोगाट ने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि मैं आज उस पार्टी में हूं, जो महिलाओं के साथ हमेशा रहती है। मैं मीडिया का भी धन्यवाद करना चाहूंगी कि वे हमारे साथ हमेशा रहे। हमारी आवाज को बुलंद करने में मीडिया ने अहम भूमिका निभाई। मुश्किल समय में किसी ने हमारा साथ दिया, तो वह कांग्रेस थी। जब हमने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई तो हमारे साथ देश की हर पार्टी खड़ी थी, लेकिन भाजपा नहीं थी।

विनेश ने आगे कहा, हम कांग्रेस पार्टी और देश को मजबूत करेंगे। ग्राउंड पर रहकर काम करेंगे। बजरंग पुनिया ने कहा, हम कांग्रेस के साथ हमेशा रहेंगे। पूरे देश की पार्टी मुश्किल वक्त में हमारे साथ थी, लेकिन भाजपा ने हमारा साथ नहीं दिया।

इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दोनों पहलवानों के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की थी। इस दौरान पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल भी मौजूद रहे। खड़गे ने मुलाकात की तस्वीर भी अपने एक्स हैंडल पर साझा की थी। उन्होंने लिखा था, चक दे इंडिया, चक दे हरियाणा! दुनिया में भारत का नाम रौशन करने वाले हमारे प्रतिभाशाली चैंपियन विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया से 10 राजाजी मार्ग पर मुलाक़ात। हमें आप दोनों पर गर्व है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी दोनों पहलवानों से मिले थे। उसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा अपने चरम पर पहुंच गई थी कि दोनों कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। विनेश और बजरंग के कांग्रेस में शामिल होने से आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को फायदा होगा। पार्टी ने अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है। ऐसे में अब दोनों को किस सीट से उतारा जाता है, इस पर सभी की निगाहें रहेंगी।

जनरथ बस ने मैक्स पिकअप में मारी टक्कर, 15 लोगों की मौत

हाथरस में भीषड़ सड़क हादसा

हाथरस(एजेंसी)। चंदपा के कपूरा चौराहे पर रोडवेज की जनरथ बस ने मैक्स पिकअप में टक्कर मार दी। हादसे में मैक्स और बस में सवाल 15 लोगों की मौत की सूचना मिली है, जबकि 15 से अधिक घायल हो गए हैं।

पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा मौके पर डीएम आशीष कुमार और एसपी निपुण अग्रवाल पहुंचे। अधिकारियों ने हादसे के बारे में जानकारी ली। साथ ही गंभीर घायलों को उपचार के लिए अलीगढ़ भेजा।

आगरा के खंदौली के गांव सेमरा निवासी मैक्स में सवार लोग हाथरस के कस्बा सासनी के गांव मुकुंदपुर में गमी में शामिल होकर वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। फिलहाल, पुलिस प्रशासन की ओर से राहत बचत कार्य जारी है।

मुख्यमंत्री योगी ने हादसे पर लिया संज्ञान

वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मैं चुनाव नहीं लड़ रही हूं, ना ही मैं किसी राजनीतिक दल में शामिल हूं : साक्षी मलिक

नई दिल्ली। रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि वह कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही थी कि अब साक्षी मलिक भी राजनीति में एंट्री कर सकती हैं। लेकिन, इस पर उन्होंने खुद अपनी चुप्पी तोड़ी है। साक्षी मलिक ने साफ कर दिया है कि वो चुनाव नहीं लड़ रही हैं और ना ही किसी पार्टी में शामिल हो रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की एग्जिट पोल को नियंत्रित करने की याचिका

अब चुनाव की गाथा को बंद करें-सीजेआई

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एग्जिट पोल को नियंत्रित करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इसे राजनीतिक हित याचिका करार देते हुए कहा कि देश में शासन चलने दें और चुनाव की गाथा को बंद करें।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बीएल जैन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। सीजेआई ने कहा कि सरकार चुनी जा चुकी है। अब

चुनाव के दौरान क्या होता है इसकी गाथा बंद करें और अब देश में शासन शुरू करें। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग इस मुद्दे को संभालने में सक्षम है और वह चुनाव आयोग को नहीं चला सकता।

बीएल जैन ने जनहित याचिका में कई चुनाव-सर्वेक्षण एजेंसियों और समाचार चैनलों को पक्षकार बनाया था। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मीडिया घरानों और उनकी सहयोगी कंपनियों के खिलाफ जांच की मांग की थी। याचिका में अधिवक्ता बीएल जैन ने कहा कि एग्जिट पोल प्रसारित किए जाने से निवेशकों को प्रभावित किया गया। इसके चलते 4 जून को नतीजों के बाद शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण 31 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। एग्जिट पोल की शुरुआत 1980 में भारतीय मीडिया से हुई। इसी के बाद से भारतीय मीडिया चुनाव के बाद से सर्वे करने लगा। दूरदर्शन ने 1996 में एग्जिट पोल शुरू किया था। चुनाव में मतदान खत्म होने के बाद जब मतदाता अपना वोट डालकर निकल रहे होते हैं तब उनसे पूछा जाता है कि उन्होंने किसे वोट दिया। इस आधार पर किए गए सर्वेक्षण से जो व्यापक नतीजे निकाले जाते हैं उन्हें ही एग्जिट पोल कहते हैं।

1998 में लगा था प्रतिबंध

1998 में चुनाव आयोग ने ओपिनियन और एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के फैसले को रद्द कर दिया। उसके बाद 2009 लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बार फिर एग्जिट पोल पर प्रतिबंध की मांग उठी। बाद में कानून में संशोधन किया गया और संशोधित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रिया के दौरान जब तक अंतिम वोट नहीं पड़ जाता, एग्जिट पोल नहीं दिखाए जा सकते।

टैंकर की चपेट में आने से 7 वर्षीय बालिका की मौत

दुर्ग (समय दर्शन)। दुर्ग जिले में सुबह दो बड़े सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना पदमनाभपुर थाना क्षेत्र की है, जहाँ तीज पर्व मनाने अपने मां के घर मोटरसाइकिल पर बैठकर अपने मामा एवं भाई के साथ कोलिहापुरी जा रही सात वर्षीय बच्ची की पानी टैंकर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। टैंकर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बच्चों के मामा केवल साहू की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी जिससे बच्ची दुर्गेश्वरी साहू के मामा, मां एवं भाई दूर जा गिरे। वहीं आजाद चौक बोरसी निवासी बच्ची दुर्गेश्वरी साहू की टैंकर की चपेट में आने से गंभीर चोंटे आई। मौके पर पहुंची पद्मनाभपुर पुलिस बच्ची को तुरंत अस्पताल ले गई लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी टैंकर चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं दूसरी घटना दुर्ग के ही अंडा में अटल चौक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को चपेट में लिया जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई । हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना सुबह 8 बजे की बताई जा रही है। अंडा थाना पुलिस जांच में जुटी है।

अनुच्छेद 370 हुआ अतीत; अब कभी नहीं लौटेगा-अमित शाह

भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

जम्मू (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया। शाह दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार दोपहर जम्मू पहुंचे। अमित शाह ने पार्टी का संकल्प पत्र जारी करने के बाद कहा कि आजादी के समय से ही हमारी पार्टी के लिए जम्मू-कश्मीर का ये भूभाग बहुत महत्वपूर्ण रहा है और आजादी के समय से ही हमने इस भूभाग को हमेशा भारत के साथ जोड़े रखने के लिए प्रयास किए।

पंडित प्रेमनाथ डोगरा से लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की शहादत तक... ये पूरा संघर्ष पहले भारतीय जनसंघ और फिर भारतीय जनता पार्टी ने आगे बढ़ाया।

क्योंकि हमारी पार्टी मानती है कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का हिस्सा है और रहेगा।

2014 तक जम्मू-कश्मीर पर हमेशा आतंकवाद और अलगाववाद की परछाई रही। ये हमेशा जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करते रहे और सभी सरकारों ने एक प्रकार से तुष्टिकरण की पॉलिस्टिक्स से जम्मू-कश्मीर को डील किया।

2014 से 2024 तक जम्मू-कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल

पहले यहां अलगाववादियों के सामने सरकारें नतमस्तक हुआ करती थीं। बीते 10 साल में यहां शांति रही और विकास हुआ। 370 और 35 खत्म करना ऐतिहासिक फैसला रहा। अब ये दोनों अतीत बन चुके हैं। उनकी अब कभी वापसी नहीं हो पाएगी। 2014 से 2024 तक जम्मू-कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल रहे।

भाजपा ने बहाल किया पंचायती राज

पहले यहां डेमोक्रेसी तीन परिवारों में ही सीमित होकर रह गई थी। ना पंचायत चुनाव होते थे, ना तहसील पंचायतें बनती थीं, ना जिला पंचायतें होती थीं। भाजपा की सरकार ने ग्राम पंचायत, तहसील पंचायत, जिला पंचायत और म्यूनिसिपलिटी का चुनाव कराकर पंचायती राज को बहाल करने का काम किया है और लोकतंत्र को प्रस्थापित किया है।

जम्मू-कश्मीर में विकास के क्षेत्र में बहुत सारे काम हुए

धारा 370 और 35ए... अब पास्ट बन चुका है, वो हमारे संविधान का हिस्सा नहीं है। इसका बात का पूरे भारत और जम्मू-कश्मीर की जनता को आनंद है। क्योंकि धारा 370 ही वो कड़ी थी जो कश्मीर के अंदर युवाओं को उनके हाथ में पत्थर और हथियार पकड़ाती थी। आज मोदी जी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में विकास के क्षेत्र में बहुत सारे काम हुए हैं।

राहुल गांधी से मांगा जवाब

मैं राहुल गांधी जी से पूछना चाहता हूं कि आप देश और जम्मू-कश्मीर की जनता के सामने स्पष्ट करिए, आपके मौन धारण करने से कुछ नहीं होगा। क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस के एजेंडा साथ कांग्रेस पार्टी सहमत है या नहीं? आप हां या ना में जवाब दीजिए।

शांति बनी रहे, इसलिए सेना से युद्ध के लिए तैयार रहने को कहा : राजनाथ सिंह

लखनऊ (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश और दुनिया में शांति कायम रखने के लिए ही उन्होंने सेना से युद्ध के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। राजनाथ सिंह ने गुरुवार को प्रथम संयुक्त कमांडर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा था कि सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।

इस संबंध में उन्होंने आज स्पष्ट किया, भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसने वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है। भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है। लेकिन आज की भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए मैंने सेना से कहा कि भारत और दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए हमें हमेशा युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसा कहने के पीछे मकसद यह है कि हमारी शांति न भंग होने पाए।

रक्षा मंत्री ने संयुक्त कमांडर सम्मेलन में कल कहा था कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है और शांति बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पुलिस ने अंतराज्जीय गांजा तस्करी का किया भण्डाफोड़

पांच अंतराज्जीय गांजा तस्कर पकड़ाये, 45 किलोग्राम गांजा जब्त

दुर्ग (समय दर्शन)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस ने गांजा तस्करों पर बड़ी कार्यवाही करतेह हुए अंतर्राज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को भिलाई खुर्सीपार से गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 45 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 4.5 लाख रूपये आंकी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि पिन्तू कुमार साहनी जो कि उड़िसा से अवैध रूप से अवैध धन लाभ करने हेतु गांजा जैसे मादक पदार्थ लाकर जी सरोजनी के मकान के पास एक अन्य मकान गणेश मंदिर के पास बालाजी नगर खुर्सीपार में लाकर रखा है और पिंटू नामक लड़का जिसकी हाईट छोटी है और वह नीला कलर का लोवर जिसमें सफेद रंग का पटटी है और भूरा

कलर का टी शर्ट पहना है जो उक्त गांजा की रखवाली कर गांजा को अवैध रूप से गांजा बिक्री पिन्तू कुमार साहनी एवं जी सरोजनी दोनो मिलकर कर रहे है। कि सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई जिस पर वरिष्ठगण पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला, के मार्गदर्शन पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करने आदेश प्राप्त होने पश्चात उप निरीक्षक युवराज साहू हमराह हर्ष देवांगन, अमन शर्मा एवं वैशाली नगर के महिला आरक्षक ममता वासनीक ,महिला आरक्षक श्रेया राजपूत एवं गवाहो के साथ समस्त आवश्यक किट सामाग्री सील चपडा सहित तस्दीक एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु गणेश मंदिर के पास बालाजी नगर खुर्सीपार पहुच कर रेड कार्यवाही किये मौके पर उपस्थित महिला एवं पुरूष से पुछताछ करने पर अपना नाम जी सरोजनी तथा पिंटू कुमार साहनीं बताया। जांच करने पर जी सरोजनी के अपने मकान के अंदर कब्जे में रखे चार काला कलर का जिसमें पृथक पृथक अखबार के कागज के पुड़िया मे लपेटा हुआ गांजा मादक द्रव्य पदार्थ क्रमश: 08 किलो 525 ग्राम एवं 09 किलो 80 ग्राम , 08 किलो 530 ग्राम , 06 किलो 010 ग्राम गांजा जैसा मादक द्रव्य पदार्थ एवं पिन्तू कुमार साहनी से 03 नग मोबाईल फोन एवं वही पर रखे प्लास्टिक बोरी में अखबार के कागज के पुडिया मे लपेटा हुआ गांजा मादक द्रव्य पदार्थ कुल 05 किलो 830 ग्राम एवं एक पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एजे 6067 जप्त की गई।दोनो के मेमोरेण्डम पर से अजय साहनी, अजय प्रसाद एवं ऐबी साहनी जो गांजा लेकर अपने चार पहिया वाहन दो सफेद रंग के कार में गांजा रखा है इसमें सफेदा एवं मार्कर पेन से नाम और सरनेम का प्रथम अक्षर लिखा हुआ बताया पिन्तू कुमार साहनी से बारिकी से पूछताछ करने पर बताया कि वह उड़िसा के किसी व्यक्ति से गांजा खरीदता है एक ट्रीप का 06 लाख रूपया देना बताये । एबी साहनी और अजय साहनी स्कोडा कार क्रमांक सीजी 04 केपी 4604 में उड़ीसा से विभिन्न नम्बर प्लेट बदलकर गाड़ी चलवाते थे एबी साहनी एवं अजय साहनी के द्वारा अपने डिक्की में रखे गांजा को निकाल कर देने पर एक आशिकी पान मसाला झोले में जिसमें ऐबी साहनी व अजय साहनी झोले में रखा अखबार में लपेटा हुआ गांजा जैसे पदार्थ निकाल कर पेश किया तौल करने पर 03 किलो 370 ग्राम गांजा एवं 02 नग मोबाईल फोन मिला एवं फाक्स वेगन कार क्रमांक सीजी 04 एचसी 2080 में बैठे अजय प्रसाद के द्वारा अपने डिक्की में रखे गांजा को निकाल कर देने पर एक विमल पान मसाला झोले में रखा अखबार में लपेटा हुआ गांजा जैसे पदार्थ निकाल कर पेश करने पर 03 किलो 380 ग्राम गांजा झौला सहित अखबार में लपेटा हुआ गांजा मिला। दो नग कार कीमती 12 लाख एक पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 ऐजे 6067 कीमती 01 लाख रूपये जुमला कीमती 17.5 लाख रूपये को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। दुर्ग जिले में पहली बार गांजा का ''फार्वड लिंक'' एवं ''बैकवर्ड लिंक'' स्थापित कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। आरोपियो के विरूद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस के मामले दर्ज है। पिन्टू साहनी के खिलाफ एक मामला एवं जी. सरोजनी के खिलाफ दो मामले दर्ज है।

संक्षिप्त समाचार

दर्री स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

साजा (समय दर्शन)। भारत के पूर्व राष्ट्रपति , प्रख्यात शिक्षाविद् ,महान विचारक, भारत रत्न से सम्मानित डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य पर थानखम्हरिया समीपस्थ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल दर्री में हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। बच्चों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन, मां सरस्वती एवं शिक्षकों की आरती उतारकर शिक्षक दिवस मनाया गया। सभी बच्चों ने शिक्षकों को इस अवसर पर उपहार स्वरूप पेन भी प्रदान किये। शिक्षकों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवन गाथाओं के बारे में बताया। कहां गया कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में 1962 से मनाया जा रहा है। शिक्षकों ने कहां कि बच्चों द्वारा दी जाने वाली उपहार पेन या स्मृति चिन्ह से नहीं , बल्कि उसके द्वारा कठोर मेहनत के फलस्वरूप अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर जो उपहार दी जाती है वह एक सुंदर गिफ्ट होता है। इस मौके पर हाई स्कूल दर्री के प्राचार्य भवानी सिंह नेताम ,पूर्व मा.शाला. के प्रभारी प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे , शिक्षक गोविंद कुमार सोनकर ,स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में दुर्गा सेन ,ऋतु राजपूत ,निखिल पाटिल, श्रेया साहू एवं सभी बच्चे उपस्थित रहे।

देश व्यापी साक्षरता सप्ताह एवं स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

सरायपाली (समय दर्शन)। शासकीय प्राथमिक शाला तरपोंगी में संकुल प्राचार्य उत्तम साहू एवं संकुल समन्वयक परमानंद निर्मलकर के मार्गदर्शन में देशव्यापी साक्षरता सप्ताह एवं स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का शुभारंभ 1 सितंबर को किया गया। देशव्यापी साक्षरता सप्ताह के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर सम्मेलन सेमिनार तथा उल्लास शपथ एवं उल्लास साक्षरता केंद्र का चिन्हांकन किया गया, साथ ही उल्लास हेतु विभिन्न प्रकार की टीएलएम का निर्माण एवं प्रदर्शन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रथम दिवस स्वच्छता शपथ दिवस के रूप में मनाया गया इसमें सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता की शपथ ली साथी स्वच्छता पखवाड़ा के दूसरे एवं तीसरे दिवस स्वच्छता जागरूकता चौथे एवं पांचवें दिवस सामुदायिक पहुंच छठवें दिवस हरित शाला पहला दिवस सातवें एवं आठवें दिवस स्वच्छता सहभागिता दिवस नवें एवं दसवें दिवस हाथ धुलाई दिवस 11वें दिवस व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस 12 वें दिवस स्वच्छ स्कूल प्रदर्शनी दिवस 13 वें एवं 14 वें स्वच्छता कार्यवाही दिवस एवं 15 वें दिवस स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत किए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं कार्यक्रमों के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के संचालन में प्रधान पाठक गायत्री चंद्राकार और सहायक शिक्षक अमित कुमार उइके उपस्थित रहे।

शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को दिए गए पौधे उपहार

नंदिनी अहिवारा (समय दर्शन)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोंडगिरी विकास खंड बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.) में शिक्षक दिवस का आयोजन विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. ए. के. भारद्वाज, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोंडगिरी के प्रधान पाठक श्रीमती वीणा सहारे एवं अन्य सभी शिक्षक उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में शिक्षा एवं शिक्षक का जीवन में महत्त्व के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आशीर्वचन प्रदान किये। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को पौधे उपहार के रूप में दिया गया जो पर्यावरण के प्रति अनन्य जागरूकता का प्रतिक है। शिक्षक दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। गोड़ गिरी स्कूल के छात्र लगातार पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कई वर्ष से करते आ रहे हैं वर्तमान में विद्यालय में 500 से अधिक पेड़ पौधे तैयार हैं।

बालक शाला बसना में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

बसना(समय दर्शन)। शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक बालक शाला बसना में छात्र परिषद् के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूपमें एन.एल.भोई अध्यक्ष एस एम डी सी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.के.पटेल प्राचार्य ने की तथा विषिष्ट अतिथि के रूप में आर.बी.प्रधान अध्यक्ष पालक शिक्षक संघ, राजकुमार बेहरा पूर्व अध्यक्ष तथा विजय पटेल कोसाध्यक्ष विराजमान थे। अतिथियों ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विद्यार्थियों ने अतिथियों तथा अपने गुरूजनों का स्वागत पुष्पहार एवं तिलक से किया।कक्षा बारहवीं की छात्रा अंजलि बंजारा ने स्वागत गीत गाकर सबका मन मोह लिया। शाला नायिका जागृति मिश्रा छात्र सोम प्रकाश भोई, कु. दिशा राय ने अपने उद्बोधन में गुरू की

महत्ता को प्रतिपादित करते हुए हमेशा उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही।

संस्था के शिक्षक रमेश कुमार सोनी, संजय कुमार कर, सचिन देवांगन आदि ने छात्रों को आह्वान किया कि, वे जीवन में उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए अपने लक्ष्य का पीछा एकाग्र चित्त होकर करें।अतिथियों ने अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए अपने शिक्षकों के प्रति अपना आदर प्रकट किया।साथ ही छात्रों को कठोर परिश्रम करते हुए उच्च लक्ष्य हासिल करने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन छात्र अभिषेक दास तथा छात्रा कु. शिखा साहू ने किया। अंत में छात्रों ने श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अपने शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी जागृति मिश्रा, अंजलि बंजारा, शिखा साहू, यामिनी राय, दिषाराय, सोम प्रकाष भोई, बादल बेहरा, टिकेष्वर सिंह, टेकनयन बंजारा, पवन बेहरा, गुंजन डड़सेना,रोहित साव, यषपाल सिंह, रोहन साहू, सिद्धार्थ बढ़ई, बादल साव, तुषार प्रधानआदि ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर तक

दुर्ग। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर 2024 तक दुर्ग-भिलाई में आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा से मिली जानकारी अनुसार योगा 14, 17 व 19 बालक-बालिका, बाक्सिंग 14, 17 व 19 बालक-बालिका, टेबल टेनिस 19 बालक-बालिका, जुडो 14,17 व 19 बालक-बालिका, लॉन टेनिस 14,17 व 19 बालक-बालिका और साइकिलिंग (ट्रेक) 14, 17 व 19 बालक-बालिका खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कुल 5 संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के कुल 980 स्कूली बच्चे भाग लेंगे। जिसके लिए आवास व्यवस्था भिलाई के विभिन्न निजी विद्यालयों में किया गया है। आवास स्थल से खेल मैदान तक परिवहन व्यवस्था भी निजी विद्यालयों के वाहनों द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया है। बाक्सिंग खेल सेजस जेआरडी दुर्ग में, लॉन टेनिस खेल मैदान भिलाई निवास के पास सेक्टर 5 में, टेबल टेनिस शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 में, साइकिलिंग जयंती स्टेडियम में, जुडो खेल बीएनएस सेक्टर 8 में और योगा खेल सीनियर सेकंडरी सेक्टर 10 में होना निर्धारित हुआ है। प्रतियोगिता का शुभारंभ माननीय अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में 10 सितम्बर को प्रात: 10 बजे सेक्टर 2 भिलाई विद्यालय में होगा तथा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह 13 सितंबर को सुबह 11 बजे भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में होगा।

शिक्षक दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण

नंदिनी अहिवारा (समय दर्शन)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़गिरी में शिक्षक दिवस के अवसर पर इको क्लब के छात्रों एवं प्रभारी शिक्षक शिव नारायण वर्मा द्वारा ,एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा बीस से अधिक पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा के लिए जाली लगाया गया। विदित हो कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वर्षों से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए अग्रणी संस्था के रूप में जाना जाता है 15 वर्ष से पहले यह विद्यालय वृक्ष विहीन था यहां दूर-दूर तक छाया का नामो निशान नहीं था 2010 में शिव नारायण वर्मा द्वारा इको क्लब प्रभारी का दायित्व संभालने के बाद से की यह विद्यालय लगातार वृक्षारोपण और उसके देखभाल में अग्रणी रहा है। विद्यालय में लगभग 500 से अधिक छायादार फलदार एवं औषधि के वृक्ष लहलहा रहे हैं। प्रतिवर्ष विद्यालय में स्वच्छता रैली एवं पर्यावरण से संबंधित प्रतियोगिता आयोजित की जाती है पिछले कुछ वर्षों से यहां के पौधों में फल लगनेभी प्रारंभ हो गए हैं। संयोग वश शिक्षक दिवस के दिन शिक्षक श्री शिव नारायण वर्मा का जन्म दिन भी है इस अवसर पर इको क्लब अध्यक्ष अजय भारती, उपाध्यक्ष अनिल यादव युवराज बारले एवम अन्य सदस्यों ने अपने शिक्षक को पौधे उपहार स्वरूप दिये।

शिक्षकों का सम्मान मेरा सौभाग्य-नोविना अमृत जगत

बसना (समय दर्शन)। विकासखंड बसना जिला महासमुंद के शासकीय प्राथमिक विद्यालय सागर पाली में नोवीना अमृत जगत सभापति जिला पंचायत महासमुंद के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच कालिंद्री अग्रवाल के अध्यक्षता में 5 सितंबर 2024 को संकुल स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जहां पी एल साहू प्रधान पाठक सागरपाली, निमंकर पटेल नोडल प्राचार्य दुर्गा पाली, लक्ष्मण पटेल संकुल समन्वक, श्याम भोई प्राचार्य धुटिकोना, सुखमोती चौहान प्रधान पाठक बीजराभाठा, अंजलि साहू प्रधान पाठक कापुडीह, शिक्षिकागण -सिंधु सीटर बसना, प्रमिला निषाद बसना, सुधा चौरसिया सागरपाली, वेदांती पटेल सागरपाली, अभिमन्यु चौहान प्रधान पाठक सागर पाली, शिक्षक गण जुगलाल पारेश्वर बंसुली डीह, मुरलीधर पटेल सागरपाली, उस्ताद अली सागरपाली, मुन्ना अग्रवाल सरपंच प्रतिनिधि, सोहन पटेल पूर्व जनपद पंचायत सदस्य एवं श्वेता चौहान, कुंती पटेल, रजनी चौहान, रमिता भोई, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, वेदमोती ,धन मोती बंजारा, उत्तरा बाघ, दिल मोती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस अवसर सरपंच कालिंद्री अग्रवाल एवं विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती का सामूहिक पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जहां समारोह में उपस्थित समस्त शिक्षकों को नोविना जगत ने साल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि, शिक्षकों का कार्य केवल ज्ञान वितरण करना ही नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा प्रदान करने के लिए सभी क्षेत्रों में उनकी अहम भूमिका रहती है जिसमें से मुझे भी इस क्षेत्र जन सेवा करने का सौभाग्य मिला है। आज शिक्षकों का सम्मान करते हुए मैं अपने आप में बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रही हूं और इसे मैं अपना सौभाग्य समझती हूं। अंत में इतना कहना चाहूंगी कि मुझे आप लोगों का आशीर्वाद और सहयोग सदैव मिलता रहे ताकि मैं समाज सेवा करने के लिए आपकी सेवा ने सदेव तत्पर रहूं। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय सागरपाली के छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की ।

जयंती नगर पहुँचे विधायक गजेंद्र यादव से नागरिकों सड़क नाली बनाने मांग किये

दुर्ग (समय दर्शन)। मॉर्निंग विजिट शहर विधायक गजेंद्र यादव उरला क्षेत्र के जयंती नगर पहुँचे और जनता से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जानने उनके साथ वार्ड का भ्रमण किये। नागरिकों ने आवागमन में हो रही समस्या से निजात दिलाने वार्ड 16 के प्रमुख सड़क को सीमेंटीकरण कराने और नाली निर्माण की मांग किये। जिस पर विधायक श्री यादव ने विभाग अधिकारीयों को सड़क का सीमेंटीकरण करने जल्द ही प्राकलन तैयार करने निर्देश दिये।

जयंतीनगर पहुँचे विधायक गजेंद्र यादव का वार्ड 16 की जनता ने स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये। वार्डवासियों के बीच बैठकर वार्ड के मुलभुत समस्याओं की जानकारी लिए इसके पश्चात भ्रमण किये। नागरिकों ने विधायक गजेंद्र यादव को प्रमुख सड़को का निरिक्षण कराकर बताये की

जयंती नगर वार्ड नं. 16 में धरसा रोड से दुर्ग पब्लिक स्कूल एवं सभी गलियों के रोड की स्थितियां खराब है। इस रोड में प्रति दिन सैंकड़ो की संख्या में बच्चे रोज स्कूल आते जाते है सड़क पर कई जगह गड्ढा होने के कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। कच्चा सड़क होने की वजह से आने जाने में स्कूली बच्चों एवं वार्ड वासियों को अवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क का सीमेंटिकरण होने से आवागमन बेहतर हो सकेगा। साथ ही सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण भी आवश्यक है जिससे बारिश का पानी बाहर निकल सके। वार्ड के नागरिकों ने बच्चों के खेलने और बुजुर्गो के लिए टहलने के लिए एक गार्डन की मांग किये। विधायक श्री यादव ने वार्डवासियो की सभी मांग को पूरा करने आश्वासन दिये।

इस दौरान वार्ड पार्षद खिलावन मटियारा, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, मनीष साहू, महिला मोर्चा से मौसमी ताम्रकार, रामगुलाल साहू सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

पत्रकार किशन हिरवानी पर प्राण घातक हमला करने वाले गिरफ्तार, पुरानी रंजिश को लेकर दी थी सुपारी

पाटन (समय दर्शन)। छग के दुर्ग जिले के उतई थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सेलूद(पाटन बिधानसभा) के बजरंग चौक में पत्रकार किशन हिरवानी पिता विष्णु हिरवानी उम्र 45 साल की फोटो की दुकान है। जिन्होंने उतई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दोपहर 1.50 बजे अपने फोटो स्टुडियो में बैठा थे। तभी आरोपी भावेश साहू निवासी खोपली एवं ऋषि ठाकुर निवासी ग्राम गोडपेण्ड्री स्टुडियो में फोटो खिचवाना है बोलकर आया। प्रार्थी ने फोटो खींचने कैमरा उठाया तभी भावेश साहू बैस बाल बैट लेकर दरवाजा को धक्का देकर अन्दर आया और हत्या करने की नियत से वैसबॉल बैट से प्रार्थी के सिर एवं शरीर में मारा और ऋषि ठाकुर ने हाथ मुक्के से मारपीट करते हुए प्रार्थी के उपर प्राणघातक हमला कर चोंट पहुंचाया। घटना को देखकर आसपास के लोगों के आने पर भावेश साहू और ऋषि ठाकुर अपने एक अन्य साथी जो बाईक चालु करके रखा था। जिसमें तीनों एक साथ भाग गये। प्रार्थी किशन हिरवानी कि रिपोर्ट पर धारा 333,109,3 (5) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) देवव्रत सिरमौर व पाटन एस डी.ओ पी आशीष कुमार बंछोर के द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी को त्वरित कार्यवाही करने के दिए गए

निर्देशों के पालन में थाना उतई एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम गठित कर आरोपीगण की सरगर्मी से पतासाजी की गई। पतासाजी के दौरान फरार आरोपी भावेश साहू को ग्राम खोपली से हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर बताये कि वर्षा रेस्टारेंट सेलुद का मालिक देवानंद साहू उर्फ देवा ने तीन दिन पहले भावेश साहू, भुनेश्वर आग्नेकर, ऋषि ठाकुर, राकेश मारकण्डे एवं खोपली के यतीश को बुलाया था और बोला था कि सेलूद के पत्रकार किशन हिरवानी से मेरा पंगा हुआ है, उससे मेरा पुराना झगड़ा है, उसको मारना है या हाथ पैर तोड़ना है। जिसके लिये काम होने के बाद अच्छा ईनाम दुंगा बोला था, तब आरोपीगणों ने प्लानिंग करके कबीर स्टुडियो का रेकी कर4 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे जब स्टुडियो मे कोई नही था जाकर किशन हिरवानी को जान से मारने की नियत से वैसबालबैट से सिर हाथ पैर में चोट पहुंचाये है। आरोपी भावेश साहू निवासी खोपली से पुछताछ पर बताया कि घटना में 4 अन्य साथी भुनेश्वर आग्नेकर, ऋषि ठाकुर, राकेश मारकण्डे एवं यतीश चन्द्राकर शामिल थे। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर घटना में शामिल आरोपीगण भुनेश्वर आग्नेकर निवासी गोंडपेण्ड्री, ऋषि ठाकुर निवासी गोंडपेण्ड्री, राकेश मारकण्डे निवासी गोंडपेण्ड्री एवं यतीश चन्द्राकर निवासी खोपली को उनके पते पर दबिश देकर हिरासत में लिया गया। जिनसे पुछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया। आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त वैसबाल बैट, मो.सा. सीजी 7 एलए 7562 हीरो स्पेण्डर प्रो एवं पल्सर क्र सीजी 04 एम 1757 एवं तीन मोबाईल को जप्त किया गया। सभी 5 आरोपियों. को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी देवानंद उर्फदेवा साहू पिता राजकुमार साहू निवासी ग्राम अचानकपुर हाल पता वर्षा रेस्टोरेंट बाजार चौक सेलूद उक्त घटना के बाद से फरार है, जिसकी लगातार पता तलाश की जा रही है।

उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी, उप निरी0 कमल सिंह सेंगर, प्रमोद सिन्हा सउनि नेमन सिंह साहू, आरक्षक भूपेन्द्र साहू, विजय कुर्रे, कृष्णा बंजारे, दुष्यंत लहरे, छगन लाल एवं एसीसीयू के आरक्षक राजकुमार चन्द्रा, अजय ढीमर, चित्रसेन साहू, अश्वनी यदु की सराहनीय भूमिका रही।

सार समाचार

दुकान का ताला टूटा, हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर(समय दर्शन)। लालपुर स्थित ग्लोबल टाइल्स का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नगदी सहित दोपहिया वाहन व मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनेन्द्र सिंह 28 वर्ष रावतपुरा कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी का लालपुर में ग्लोबल टाईल्स नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे 3 नग मोबाइल कंपनी, दोपहिया वाहन, ग्राइन्डर मशीन और नकदी 8 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हुंडइ शोरूम के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर(समय दर्शन)। मेग्नेटो मॉल के सामने हुंडई शोरूम के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया आंचल यादव 33 वर्ष रावतपुरा कालोनी मठपुरैना की रहने वाली है। प्रार्थिया ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनयू 4238 को मेग्नेटो मॉल के सामने हुंडई शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर(समय दर्शन)। धरसींवा एवं मंदिरहसौद पुलिस ने अवैध शराब बेचते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 100 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने तिवरैया ओव्हरब्रीज के पास आरोपी सागर साहू 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 330 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम रीवा भाठापारा में आरोपी मानिकराम साहू 27 वर्ष व कलीराम साहू 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 80 पाव देशी शराब जब्त किया है।

छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री ने नई दिल्ली में 'उद्योग समागम' में की भागीदारी

निवेश के लिए छत्तीसगढ़ सर्वश्रेष्ठ राज्य उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन

रायपुर(समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने आज नई दिल्ली में आयोजित 'उद्योग समागम' सम्मेलन में भाग लिया। यह कार्यक्रम केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें सभी राज्यों के उद्योग मंत्री और प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में देश भर के उद्योगपतियों, उद्यमियों और निवेशकों ने भाग लिया, जिसमें व्यापार, उद्योग और आर्थिक विकास से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। देवांगन ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में निवेश की विशाल संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने निवेशकों को राज्य में आकर्षित करने के लिए बेहतर नीतियों और बुनियादी ढांचे के विकास पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कई विशेष योजनाएं और सुविधाएं प्रदान कर रही है, जिससे न केवल राज्य का आर्थिक विकास होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। देवांगन ने कहा छत्तीसगढ़ निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थल के रूप में उभर रहा है। प्रदेश खनिज उत्पादन वाले प्रमुख राज्यों में शामिल है। यहां उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल है। प्रदेश में नए उद्योगों को सर्वसुविधा उपलब्ध कराने के नई रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा राज्य में निवेश बढ़ाने व उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए वित्तीय प्रोत्साहन व छूट भी दी जा रही है।

वनवासी रामप्यारे के सूखे खेतों में आई हरियाली

रायपुर(समय दर्शन)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेंद्रगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पिपरिया की भौगोलिक स्थिति वनांचल जैसी है। लेकिन यहां किसानों को सिंचाई के लिए पानी की समस्या हमेशा बनी रहती है। वंचित वर्ग में आने वाले ऐसे ही एक आदिवासी परिवार के लिए खेती योग्य भूमि होने के बाद भी पानी का संसाधन ना होना एक बड़ी समस्या थी। ऐसे में मनरेगा के तहत बनी एक डबरी में सिंचाई की कमी पूरी कर खुशहाली का माध्यम बन गई। पहले केवल मानसूनी बारिश पर आधारित धान की खेती करने वाले आदिवासी किसान रामप्यारे के खेत में अक्सर सिंचाई के लिए पानी की कमी हो जाती थी। ऐसे में मेहनत करने के बाद भी उन्हें अपनी फसल से कोई लाभ नहीं मिल पाता था। परंतु इस बार सिंचाई की सुविधा पाकर रामप्यारे के परिवार ने समय पर अपने खेतों में रोपाई का कार्य पूरा कर लिया है और उनकी धान की फसल भी लहलहा रही है। इस खुशहाली के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बनी एक डबरी इस किसान परिवार के लिए वरदान साबित हो रही है। पहले श्री रामप्यारे की समस्या का निराकरण ग्राम सभा की बैठक में हुआ, जहां उन्होंने अपने खेतों में महात्मा गांधी नरेगा के तहत एक डबरी बनाए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया। उनके आवेदन के आधार पर ग्राम सभा ने डबरी बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया और ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाया और डबरी का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। इसमें अकुशल मजदूरी करके इस परिवार को सौ दिवस का रोजगार भी प्राप्त हुआ। डबरी बन जाने के बाद रामप्यारे बताते हैं कि सब्जी लगाकर वह लगभग 20 हजार रुपए की आमदनी ले चुके हैं और इस बार उनके खेतों में समय पर धान की रोपाई का काम पूरा हुआ है। डबरी में पर्याप्त पानी होने के कारण वह इसमें अगले साल से मछली पालन करने की योजना बना रहे हैं। रामप्यारे के अनुसार लगभग तीन एकड़ खेतों में इस बार धान की अच्छी फसल होने से उन्हें आर्थिक लाभ मिलेगा। मनरेगा से बना एक संसाधन इस परिवार के लिए आजीविका की नई राहें बना रहा है। इसके लिए रामप्यारे ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

महतारी वंदन योजना ने बढ़ा दी तीजा की खुशी

महिलाएं जता रही है विष्णु भईया के स्नेह भरे तोहफे के लिए आभार

रायपुर(समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ में गांव-गांव मनाए जा रहे तीजा त्यौहार की खुशी महतारी वंदन योजना ने बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पोला त्योहार के अवसर पर महतारी वंदन योजना की सातवीं किश्त की राशि महिलाओं के खातों में जमा की। इस योजना के तहत मिली सहायता राशि ने महिलाओं के लिए तीजा की तैयारियों को और भी खास बना दिया। बलौदाबाजार के ग्राम सकरी में निवास करने वाली श्रीमती धारणा साहू और श्रीमती रांति साहू ने खुशी-खुशी बताया, 卐तीजा का यह त्यौहार हमारे लिए बेहद खास हो गया है। मुख्यमंत्री जी ने हमें महतारी वंदन योजना के माध्यम से जो राशि दी है उससे हम साड़ी और तीज के लिए श्रृंगार का सामान खरीदेंगी। यह भाई के स्नेह जैसा तोहफा है जिसके लिए हम मुख्यमंत्री जी का दिल से धन्यवाद करते हैं। छत्तीसगढ़ में तीजा का त्यौहार महिलाओं के जीवन में एक विशेष स्थान रखता है। यह त्यौहार न केवल पारिवारिक प्यार और बंधनों को मजबूत करता है, अपितु पति के दीर्घायु के साथ ही पति और पत्नी में आपसी प्रेम व स्नेह को भी बढ़ाता है। इस बार तीजा के मौके पर बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम सकरी की दो महिलाएं श्रीमती धारणा साहू (भतीजी) और श्रीमती रांति साहू (बुआ) अपने मायके में त्यौहार की खुशियों को साझा करने आईं। श्रीमती धारणा साहू की शादी दो साल पहले नंद किशोर साहू से हुई थी। उनके पति ग्राम जारा विकासखंड पलारी में किराना दुकान चलाते हैं। परिवार में ससुर, सास और एक देवर के साथ कुल पांच सदस्य हैं। वहीं, श्रीमती रांति साहू अपने जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। उनके पति महेंद्र साहू, का सात साल पहले बीमारी के कारण निधन हो गया था। रांति साहू खरोरा के एक निजी स्कूल में स्वीपर का काम करती हैं।श्रीमती रांती अपनी बेटी के साथ ससुराल, ग्राम मोहरेंगा (रायपुर जिला) में रहती हैं। उनकी बेटी कक्षा 5 वीं में पढ़ती है, जबकि बेटा अपने नाना के घर रहकर कक्षा 4थीं की पढ़ाई कर रहा है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को अतिरिक्त आर्थिक सहायता मिलने से उनके चेहरे पर सुकून और खुशी साफ झलक रही थी। त्यौहार की रौनक के बीच,यह मदद उनके लिए एक नया उत्साह लेकर आई, जिससे वे अपने परिवार के साथ तीजा का पर्व और भी आनंद से मना सकेंगी।

गुरू का स्थान सर्वोपरि : मंत्री टंक राम वर्मा

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण: जिले के 21 उत्कृष्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान

रायपुर(समय दर्शन)। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने नारायणपुर जिले में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक गौरव अलंकरण कार्यक्रम में 21 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया। भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एजी सिनेमा ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन प्रेरणा दायी है। शिक्षक हमारे जीवन को ढालने और संवारने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचीन समय में गुरू का स्थान सर्वोपरि था, भविष्य में भी गुरू के गरिमा और सम्मान को बनाए रखना है। मंत्री श्री वर्मा ने ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास, वन, उद्यान, मछलीपालन, स्कूल शिक्षा, कृषि, ग्रामोद्योग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत 10 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत चेक प्रदान किया और राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत गर्भवती माताओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन किया। मंत्री श्री वर्मा ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह 2024 कार्यक्रम अंतर्गत 12 सेवानिवृत्त शिक्षक, विकासखण्ड स्तरीय शिक्षादूत पुरस्कार और जिला स्तरीय ज्ञानदीप पुरस्कार से चयनित शिक्षकों का सम्मान किया।

मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर पुष्प अर्पित कर नमन किया

रायपुर(समय दर्शन)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अपने सभी गुरुओं का स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन को देशभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। वे महान दार्शनिक और शिक्षक रहे हैं। देश को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि मैंने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है, उनमें मेरे गुरुओं की बड़ी भूमिका रही है। जीवन के हर पड़ाव में मुझे गुरुओं का आशीष मिला है। जीवन को सही दिशा देने और चुनौतियों से लड़ने के लिए शिक्षक आपको तैयार करते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक उच्च नैतिक मूल्यों को विद्यार्थियों के जीवन में उतारकर अच्छा नागरिक तैयार करने में अपनी सर्वोच्च भूमिका निभाते है। मुझे विश्वास है कि डॉ. राधाकृष्णन के पदचिन्हों पर चलते हुए देश और समाज को सकारात्मक दिशा देने में आगे भी शिक्षकगण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर(समय दर्शन)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से कल रात यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने प्रांताध्यक्ष श्री शिशुपाल शोरी के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के रायपुर में आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के लिए प्रतिनिधि मंडल को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम में आने की सहमति दी। प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के सर्वश्री बी.पी. एस नेताम, भारत सिंह, पूर्व विधायक श्री राजेंद्र कुमार राय, श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव और श्री श्यामलाल कंवर, सर्वश्री एम आर ठाकुर, देवरतन सिंह, आर बी सिंह, फूल सिंह नेताम, मोहिंदर कंवर, गणेश ध्रुव, कुंदन सिंह ठाकुर, शिव प्रसाद ध्रुव, सनम सिंह, श्रीमती हेमलता परते, श्रीमती उमा शर्मा, सुश्री अलका परते, श्री उपेंद्र ठाकुर डॉ शंकर उईके सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य शामिल थे।

विद्यार्थियों को बड़ा सपना देखने प्रेरित करें शिक्षक - राज्यपाल रमेन डेका

राजभवन में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

रायपुर(समय दर्शन)। राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन गरिमामयी समारोह में वर्ष 2023-24 के उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा शिक्षक विद्यार्थियों को बड़ा सपना देखने प्रेरित और पूरा करने प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा देना सुनिश्चित करें। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-2024 के लिए सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रदेश के तीन महान साहित्यकारों के नाम पर 03 शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार तथा 52 शिक्षकों को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य शिक्षक सम्मान वर्ष 2024-25 के लिए चयनित 64 शिक्षकों के नामों की घोषणा की। राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में तीन उत्कृष्ट शिक्षकों बिलासपुर जिले की डॉ. रश्मि सिंह धुर्वे को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कबीरधाम जिले के श्री राजर्षि पाण्डेय को डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार और दुर्ग जिले की डॉ. श्रीमती सरिता साहू को डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस तरह प्रधान पाठक, व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., शिक्षक एल.बी., सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक एल.बी वर्ग के 52 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रतिभाओं के विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षक समाज के प्रमुख नागरिक हैं। राज्यपाल ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति में बड़ा परिवर्तन हो रहा है, जिसका परिणाम भी अच्छा होगा। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि आज हर क्षेत्र में क्रांति हो रही है और शिक्षा के क्षेत्र में भी क्रांति हो रही है। शिक्षक इस क्रांति का एक हिस्सा है। शिक्षकों के पढ़ाने का तरीका बदल गया है, लेकिन इस बदलाव के साथ-साथ शिक्षा के गुणवत्ता पर भी ध्यान देना होगा। बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास करने की जवाबदारी भी शिक्षकों की है। श्री डेका ने कहा कि माता-पिता एक बच्चे को जन्म देते हैं जबकि शिक्षक उस बच्चे के व्यक्तित्व को गढ़ते हैं और उसे उज्ज्वल भविष्य प्रदान करते हैं। शिक्षा के अलावा, शिक्षक बेहतर इंसान बनने के लिए मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और प्रेरणा देने के लिए हर कदम पर हमारे साथ खड़े रहते हैं। शिक्षक ज्ञान और बुद्धि का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक देश उतना ही अच्छा होता है जितने उसके लोग, उसी प्रकार उसके नागरिक भी उतने ही अच्छे होते हैं जितने उसके शिक्षक। इसलिए बहुत कुछ शिक्षकों पर निर्भर करता है कि बच्चों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। मैं सभी शिक्षकों को उनके जुनून, समर्पण, प्रतिबद्धता और योगदान के लिए सलाम करता हूं। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि शिक्षण सभी व्यवसायों की जननी है। शिक्षक दिवस हमें भविष्य की पीढ़ियों को और भी अधिक चुनौतियों का सामना करने और हमारे देश को मानव कल्याण के प्रति उच्च संवेदनशीलता के साथ एक उन्नत और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जिम्मेदारियों और प्रतिबद्धताओं की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारत में शिक्षक दिवस का जितना उत्साह और महत्व है वैसा शायद ही कहीं और देखने को नहीं मिलता। भूतपूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की जयंती को हम सब शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। श्री साय ने कहा कि भारत देश उत्तम शिक्षा के मामले में हमेशा से समृद्ध रहा है। गणित के क्षेत्र में शून्य भारत ने ही विश्व को दिया, आर्यभट्ट जैसे वैज्ञानिक और भाष्कराचार्य जैसे गणितज्ञ भारत में ही पैदा हुए। नागार्जुन जैसे रसायनज्ञ यहाँ हुए। शिक्षकों ने देश को हमेशा नई दिशा दिखाई है। भले ही आज इंटरनेट की दुनिया में ज्ञान एक क्लिक पर उपलब्ध है लेकिन अनुभव भरा ज्ञान, संस्कारपूर्ण शिक्षा, जीवन जीने की कला, कौशल, उत्तम शैली की सीख केवल विद्यालयों में शिक्षकों के जरिए ही संभव है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसकी जरूरत को समझा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लेकर आए। इस नीति के माध्यम से हमारी शिक्षा में आमूलचूल बदलाव की संभावना तैयार हुई है, जिसमें लोकल से वोकल तक के ज्ञान, सीख व समझ का समावेश किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हमने प्रदेश में भी लागू कर दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हमने प्रदेश में 9438 बालवाड़ियाँ आरंभ की हैं। हमने 18 स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई की शुरुआत की है।

संपादकीय

हिंसा का पुराना इतिहास

बलूचिस्तान पाकिस्तान का पुराना नासूर है। इलाकाई लिहाज से यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, जबकि आबादी के लिहाज से सबसे छोटा प्रांत है। खनिज पदार्थों एवं प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध इस प्रांत के बाशिंदों की अनेक शिकायतें रही हैं। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हिंसा का पुराना इतिहास है, लेकिन विद्रोही गुटों ने जिस बड़े पैमाने पर सोमवार को हमले किए, वह अभूतपूर्व है। बागियों ने कम-से-कम तीन ठिकानों पर बड़ा धावा बोला। 14 सुरक्षाकर्मियों समेत दर्जनों लोगों के मारे जाने की खबर है। सुरक्षा बलों ने अपनी जवाबी कार्रवाई में 21 卐उग्रवादियोंफ को मार गिराया। इन घटनाओं के साथ बलूचिस्तान मसले पर फिर से दुनिया का ध्यान गया है। बलूचिस्तान पाकिस्तान का बहुत पुराना नासूर है। इलाकाई लिहाज से यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, जबकि आबादी के लिहाज से सबसे छोटा प्रांत है। खनिज पदार्थों एवं प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध इस प्रांत के बाशिंदों की अनेक शिकायतें रही हैं। इनकी जड़ें 1947 में भारत के बंटवारे के समय ही पड़ गई थीं। यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि मुस्लिम बहुल बलूचिस्तान का उदारवादी जनमत मजहबी एजेंडे को लेकर बन रहे पाकिस्तान के साथ जाने को तैयार नहीं था। मगर भौगोलिक निरंतरता और मजहबी पहचान का तर्क देते हुए वहां के लोगों को इस्लामी पाकिस्तान में जाने के लिए मजबूर किया गया। चूंकि पाकिस्तान में कभी लोकतंत्र जड़ें नहीं जमा सका, इसलिए असंतुष्ट समुदायों की भावनाओं का ख्याल करते हुए उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा से जोडने् के प्रयास भी नहीं हुए। सोच हमेशा ताकत से फैसला करने की रही। हालिया दौर में बलूचिस्तान को चीन की इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का प्रमुख स्थल बनाने से भी स्थानीय आबादी में नाराजगी फैली है। यह आम शिकायत है कि इन परियोजनाओं के तहत स्थानीय संसाधनों का दोहन हो रहा है। इस वजह से स्थानीय पर्यावरण भी बिगड़ा है। मगर इन परियोजनाओं से वहां के लोग लाभान्वित नहीं हुए हैं। इसीलिए अक्सर चीनी परियोजना से जुड़े ठिकाने और तैनात चीनी नागरिक भी हमलों का शिकार बने हैं। चूंकि पाकिस्तान की राज्य-व्यवस्था ने संवाद और भरोसे का माहौल बना कर बलूच आवाम को संतुष्ट करने का कोई सार्थक प्रयास नहीं किया है, इसलिए विद्रोह की भावना वहां लगातार मौजूद रही है। पहले इसका विस्फोट इक्का-दुक्का स्तरों पर होता रहा। सोमवार को समन्वित ढंग से विद्रोहियों ने बड़े हमले किए। पाकिस्तान सरकार को इनसे उचित सबक लेना चाहिए।

गणेश हैं विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता और उन्नत राष्ट्र-निर्माता

-ललित गर्ग

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे विघ्नहर्ता एवं मंगलकर्ता सात्विक देवता हैं और उन्नत राष्ट्र-निर्माता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं, ऐसे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव का जन्मोत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को सम्पूर्ण दुनिया में उमंग एवं हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। महाराष्ट्र का गणेशोत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

हिन्दुओं में गणेशजी के जन्म के विषय में अलग-अलग कथाएँ प्रचलित हैं। वराह पुराण के अनुसार स्वयं शिव ने पंच तत्त्वों को मिला कर गणेश का निर्माण बहुत तन्मयता से किया। जिससे वे अत्यंत सुन्दर और आकर्षक बने तो देवताओं में खलबली मच गयी, स्थिति को भांप कर शिव ने गणेश के पेट का आकार बढ़ा दिया और सिर को गजानन की आकृति का कर दिया ताकि उनके सौन्दर्य और आकर्षण को कम किया जा सके। शिव पुराण के अनुसार एक बार पार्वती ने अपने उबटन के मैल से एक पुतला बनाया और उसमें जीवन डाल दिया। इसके उपरांत उन्होंने इस जीवधारी पुतले को द्वार पर प्रहरी के रूप में बैठा दिया और उसे आदेश दिया कि वह किसी भी व्यक्ति को अंदर न आने दे। इसके बाद वे स्नान करने लग गई। संयोगवश कुछ ही समय बाद शिव उधर आ निकले। उनसे सर्वथा अपरिचित गणेश ने शिव को भी अंदर जाने से रोक दिया। इस पर शिव अत्यंत क्रोधित हुए और उन्होंने अपने त्रिशूल से गणेश का मस्तक काट दिया। पार्वती ने यह देखा तो वे बहुत दुखी हुईं। तब पार्वती को प्रसन्न करने के लिए शिव ने एक हाथी के बच्चे का सिर गणेश के धड़ से लगाकर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। तभी से गणेश, गजानन कहलाए। लेकिन बालक की आकृति से पार्वती बहुत दुखी हुई तो सभी देवताओं ने उन्हें आशीर्वाद और अतुलनीय उपहार भेंट किए, उन्हें प्रथम देव के रूप में सभी अधिकार प्रदत्त किये। इंद्र ने अंकुश, वरुण ने पाश, ब्रह्मा ने अमरत्व, लक्ष्मी ने ऋद्धि-सिद्धि और सरस्वती ने समस्त विद्याएँ प्रदान कर उन्हें देवताओं में सर्वोपरि बना दिया।

गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। जैन एवं बौद्ध धर्मों में भी गणेश पूजा का विधान है। गणेश को हिन्दू संस्कृति में आदिदेव भी माना गया है। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए

गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है। गणेशजी को शुद्ध घी, गुड और गेहूँ के लड्डू-मोदक बहुत प्रिय हैं। ये प्रसन्नता अथवा मुदित चित्त के प्रतीक हैं। ये तीनों चीजें सात्विक एवं स्निग्ध हैं अर्थात उत्तम आहार हैं। सात्विक आहार बुद्धि में स्थिरता लाता है। उनका उदर बहुत लम्बा है।

ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी। आज के शासनकर्ताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। भारतीय संस्कृति एक ईश्वर की विशाल कल्पना के साथ अनेकानेक देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से फलती-फूलती रही है। सब देवताओं की पूजा से प्रथम गणपति की पूजा का विधान है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। बड़े एवं साधारण सभी प्रकार के लौकिक कार्यों का आरंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बही-खातों पर 'श्री गणेशाय नमः' लिख कर नये वर्ष का आरंभ करते हैं। प्रत्येक कार्य का शुभारंभ गणपति पूजन एवं गणेश वंदना से किया जाता है। विवाह का मांगलिक अवसर हो या नए घर का शिलान्यास, मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव हो या जीवन में षोड्स संस्कार का प्रसंग, गणपति का स्मरण सर्वप्रथम किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार जो भक्ति-पूर्वक गणेश की पूजा-अर्चना करता है, उसके सम्मुख विघ्न कभी नहीं आते। गणपति गणेश अथवा विनायक सभी शब्दों का अर्थ है देवताओं का स्वामी अथवा अग्रणी। गणेशजी की आकृति विचित्र है, किन्तु इस आकृति के आध्यात्मिक संकेतों के रहस्य को यदि समझने का प्रयास किया जाये तो सनातन लाभ प्राप्त हो सकता है। क्योंकि गणेश अर्थात् शिव पुत्र अर्थात शिवत्व प्राप्त करना होगा अन्यथा क्षेम एवं लाभ की कामना सफल नहीं होगी। गजानन गणेश की व्याख्या करें तो ज्ञात होगा कि 'गज' दो व्यंजनों से बना है। 'ज' जन्म अथवा उद्गम का प्रतीक है तो 'ग' प्रतीक है गति और गंतव्य का। अर्थात् गज शब्द उत्पत्ति और अंत का संकेत देता है- जहाँ से आये हो वहीं जाओगे। जो जन्म है वही मृत्यु भी है। ब्रह्म और जगत के यथार्थ को बनाने वाला ही गजानन गणेश है।

गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्ववेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। छोटा मुख कम, तर्कपूर्ण तथा मृदुभाषी होने का द्योतक है।

गणेश का व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, जिसे पढ़ पाना एवं समझ पाना हर किसी के लिये संभव नहीं है। शासक भी वही सफल होता है जिसके मनोभावों को पढ़ा और समझा न जा सके। इस प्रकार अच्छा शासक वही होता है जो दूसरों के मन को तो अच्छी तरह से पढ़ ले परन्तु उसके मन को कोई न समझ सके। दरअसल वे शौर्य, साहस तथा नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। उनके हेरांब रूप में युद्धप्रियता का, विनायक रूप में यक्षों जैसी विकरालता का और विघ्नेश्वर रूप में लोकरंजक एवं परोपकारी स्वरूप का दर्शन होता है। गण का अर्थ है समूह। गणेश समूह के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक, गणपति आदि नामों से पुकारा जाता है।

राज्यों के विधानसभा चुनाव

अजय दीक्षित

पिछले दिनों चुनाव आयोग ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है, परन्तु उसने झारखण्ड और महाराष्ट्र के चुनावों की तारीखें नहीं बतलाई । पिछली बार हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव एक साथ हुये थे । चुनाव आयोग पर आरोप है कि वह केन्द्र की सरकार के दबाव में काम करता है । महाराष्ट्र में भाजपा की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है । अजित पवार फैन्स (दीवार के किनारे) बैठे हैं । वे शरद पवार के निकट भी बने रहना चाहते हैं । यूं अभी वे शिंदे की सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं । अगली बार भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनायेगी । यह बात शिंदे गुट के शिवसेना को पसंद नहीं होगी । राज ठाकरे भी अपनी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ चुनाव में उतरना चाहता है । झारखण्ड में भाजपा की स्थिति कुछ बेहतर है । चम्बई को भाजपा अपने में मिलाना चाहती थी पर चम्बई सोरेन ने अपनी अलग पार्टी बनाने की घोषणा कर दी । उत्तरप्रदेश की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखें भी घोषित नहीं हुई है जबकि राज्य की विधानसभा का कार्यकाल कुछ ज्यादा नहीं बचा है ।

जम्मू कश्मीर नेशनल कान्फ्रेंस व कांग्रेस का गठजोड़ हो रहा है । इस बार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कांग्रेस से दस सवाल पूछ रहे हैं कि क्या वह 370 और 35ए को बहाल करेंगे । क्या पाकिस्तान के प्रति उनका क्या रुख है? क्या वह कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिये जाने के पक्ष में हैं, आदि आदि ।

परन्तु विपक्ष उनसे पूछ रहा है कि उमर अब्दुल्ला वाजपेयी जी के काल में विदेश मंत्री थे । विदेश मंत्री को भारत की अखण्डता का नक्शा दुनिया के सामने रखना पड़ता है । स्मृति ईरानी और शाह कांग्रेस से सवाल पूछ रहे हैं तो इण्डिया गठबन्धन भी भाजपा से सवाल पूछ रहा है कि पी.डी.पी. के साथ भाजपा ने कश्मीर में सरकार कैसे बनाई थी । मेहबूबा मुफ्ती की पी.डी.पी. ने भी अपने घोषणा पत्र में पुनः कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिलाया जायेगा । असल में भाजपा से भी कुछ असुविधाजनक सवाल पूछे जा रहे हैं । मेहबूबा के मुख्यमंत्री काल में भाजपा उप मुख्यमंत्री रहीं है । असल में अभी भी कश्मीर में सब कुछ ठीक नहीं है । हर दिन पाकिस्तान से आतंकवादी घुसपैठ करते हैं । बहुत से सेना के अधिकारी और सोल्जर शहीद हो चुके हैं ।

मोहन भागवत ने पिछले दिनों कहा था कि विपक्ष को अपना विरोधी न मानकर उसे प्रतिपक्ष कहना चाहिए । उन्होंने यह भी कहा था कि काम तो करो पर यह अभिमान मत पालो कि मैंने किया था । इधर लग रहा है कि भाजपा को कई मामलों में अपने पैर खींचने पड़ रहे हैं । लैटरल इंट्री वाला विज्ञापन वापिस लेना पड़ा । कई विधेयकों को वापस लेना पड़ता है या होल्ड पर डाल दिया जाता है । मुस्लिम बिल को पार्लियामेंट कमेटी को भेजना पड़ा है । कश्मीर के मसले पर यदि भाजपा कांग्रेस को घेरती है तो विपक्ष भाजपा और पी.डी.पी. के साथ उसके सम्बन्धों को उजागर करेगी । यूं तो सभी टी.वी. चैनल प्रो सरकार हैं यानि प्रो भाजपा । पहले एन.डी.टी.वी. पर रवीश कुमार का प्रोग्राम आता था । अब एन.डी.टी.वी. अडानी ग्रुप के पास है, अतः रातोंरात रवीश कुमार की छुट्टी कर दी गई । लोग कहते हैं कि अमित शाह ने मुफ्ती मेहबूबा को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया था । यूं प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह किसी को फूलों का गुलदस्ता भेंट नहीं करते । वे तो प्राप्त करते हैं ।

असल में वर्तमान की घटना भविष्य में क्या रूप लेगी यह किसी को नहीं मालूम । कहते हैं कि भविष्य पुराण में भविष्य का सभी कुछ वर्णित है । पर यह शायद राजनीति पर लागू नहीं होता । चुनाव में जीत हार का असर देश में जो तरक्की हो रही है, उसे पर नहीं पड़ना चाहिए । इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को कुछ कदम बढ़ाकर पास-पास आना होगा । यही भारत का भविष्य है ।

भाजपा का चुनावी मशीनरी पर से भरोसा उठा

हरिशंकर व्यास

लाख टके का सवाल है कि चार राज्यों में विधानसभा के चुनाव भाजपा को कौन लड़ा रहा है? दो राज्यों में चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। जम्मू कश्मीर में पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन खत्म हो गया है और प्रचार शुरू है, जबकि दूसरे चरण के मतदान के लिए पर्चा भरने की प्रक्रिया चल रही है। हरियाणा में पांच सितंबर को अधिसूचना जारी होगी और उसी दिन से नामांकन शुरू होगा। इन दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे चार अक्टूबर को आएंगे और उसके तुरंत बाद चुनाव आयोग महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव की घोषणा करेगा। सवाल है कि क्या इन चार राज्यों में भाजपा की प्रदेश कमेटियां चुनाव लड़ या लड़वा रही हैं या राज्यों के प्रभारी चुनाव लड़वा रहे हैं या चारों राज्यों में नियुक्त चुनाव प्रभारियों के पास चुनाव लड़ाने का जिम्मा है या इससे अलग कोई व्यक्ति या संगठन पार्टी को चुनाव लड़ा रहा है?

ऐसा लग रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा का अपनी चुनावी मशीनरी पर से भरोसा उठ गया है। उसने भाजपा के संगठन और साथ ही राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के नेटवर्क को ताक पर रख दिया है। राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा एडहॉक तरीके से काम कर रही है, यह दिख रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का विस्तारित कार्यकाल भी खत्म गया है लेकिन पार्टी ने उनको फिर से एक सेवा विस्तार देने की औपचारिकता नहीं निभाई। वे ऐसे ही अध्यक्ष बने हुए हैं। यही हाल सभी प्रदेश कमेटियों का है। हर जगह प्रदेश कमेटियां सिर्फ हैं, उनको कोई काम नहीं करना है। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं वहां भी भाजपा ने उनको किनारे ही करके रखा है। जम्मू कश्मीर में भाजपा का पूरा संगठन ही शिथिल कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पसंद से राम माधव को कश्मीर घाटी की राजनीति संभालने के लिए भेजा है। चार साल पहले पार्टी महासचिव पद से हटा कर उन्हे बियाबान में भटकने के लिए छोड़ दिया गया था। वे भाजपा और संघ दोनों से बाहर थे। हालांकि परदे के पीछे से वे प्रधानमंत्री के लिए विदेश मामलों में कुछ काम करते थे लेकिन राजनीतिक भूमिका नहीं बची थी। उन्होंने चूंकि कश्मीर घाटी की पार्टियों खास कर पीडीपी के साथ अच्छे संबंध बनाए हैं और सज्जाद लोन या अल्ताफ बुखारी जैसे नेताओं के साथ भी कामकाजी रिश्ते हैं तो उनको वहां की राजनीति संभालने के लिए भेजा गया है। जम्मू की राजनीति पहले जितेंद्र सिंह कर रहे थे लेकिन अब नेशनल कॉन्फ्रेंस में लंबे समय तक रहे उनके भाई देवेंद्र सिंह को भाजपा में शामिल कराया गया है। सोचें, वे उमर अब्दुल्ला के राजनीतिक सलाहकार थे। उनके जिम्मे जम्मू की राजनीति है। भाजपा के अपने पुराने चेहरे गायब हैं। पूर्व मुख्यमंत्री निर्मल सिंह और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कविंद्र गुप्ता दोनों की टिकट की घोषणा नहीं हुई है। भाजपा ने पहले जी किशन रेड्डी को वहां का प्रभारी बनाया था लेकिन अब रेड्डी को राम माधव के साथ काम करना है। इसी तरह हरियाणा में भाजपा ने पिछले 10 साल से गैर जाट की राजनीति की है और इसी वजह से उसको सफलता भी मिली लेकिन चुनाव से ऐन पहले उसने कांग्रेस की किरण चौधरी को पार्टी में शामिल कराया और राज्यसभा भेज दिया। दीपेंद्र हुड्डा के लोकसभा सांसद बनने से खाली हुई राज्यसभा सीट पर किरण चौधरी उच्च सदन में गई हैं।

जादुई संसार रचने वाली पुस्तकें सच्ची मित्र होती है

इंसान की ज़िंदगी विचारों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। वैचारिक क्रांति एवं विचारों की जंग में पुस्तकें सबसे बड़ा हथियार है। जिसके लिए न तो कोई लाइसेंस लेना है, न ही इसके लिए किसी नियम-क़ायदे से गुज़रना है, लेकिन यह हथियार जिसके पास हैं, वह ज़िंदगी की जंग हारेगा नहीं। जब लड़ाई वैचारिक हो तो किताबें हथियार का काम करती हैं। पुस्तक का इतिहास शानदार और परम्परा भव्य रही है। पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मार्गदर्शक हैं। पुस्तकें सिर्फ जानकारी और मनोरंजन ही नहीं देती बल्कि हमारे दिमाग को चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। आज डिजिटलीकरण के समय भले ही पुस्तकों की उपादेयता एवं अस्तित्व पर प्रश्न उठ रहा हो लेकिन समाज में पुस्तकें हर दौर में प्रासंगिक बनी रहेगी। पुस्तके मनुष्य जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और पुस्तक-प्रेम के कारण ही प्रतिवर्ष 9 अगस्त को राष्ट्रीय पुस्तक प्रेमी दिवस मनाया जाता है, यह दिन उन लोगों के लिए है जो किताबों और पढ़ाई के बिना नहीं रह सकते।

लोग किताबों से इसलिए प्यार करते हैं क्योंकि उनमें अपार संभावनाएं होती हैं। वे आपको कल्पना की एक नई दुनिया में ले जा सकती हैं। वे आपके जीवन की समस्याओं और बोझ से बचने और भावनाओं के गहन सागर में खो जाने का एक तरीका हैं। पुस्तक न केवल शिक्षा बल्कि जीवन-विकास का कभी न खत्म होने वाला स्रोत हैं। वे अतीत की यादें संजोकर रखती हैं क्योंकि पुस्तकें हमें अतीत से साक्षात्कार कराने का सशक्त माध्यम है। निश्चित ही किताबें जादुई होती हैं। पुस्तकें वैचारिक जंग के साथ-साथ जीवन-जंग को जीतने का सक्षम आधार है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने पुस्तकों के महत्व पर लिखा है कि तोप, तीर, तलवार में जो शक्ति नहीं होती, वह शक्ति पुस्तकों में रहती है। तलवार आदि के बल पर तो हम केवल दूसरों का शरीर ही जीत सकते हैं, किंतु मन को नहीं। लेकिन पुस्तकों की शक्ति के बल पर हम दूसरों के मन और हृदय को जीत सकते हैं। ऐसी जीत ही सच्ची और स्थायी हुआ करती है, केवल शरीर की जीत नहीं!

रेडियो पर अपने मन की बात के जरिये प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने हिन्दी के अमर कथाकार मुंशी प्रेमचन्द का उल्लेख करते हुए लोगों से अपने दैनिक जीवन में किताबें पढ़ने की आदत डालने का आह्वान किया। साथ ही उपहार में 'बुके नहीं बुक' यानी किताब देने की बात कही। पुस्तक-संस्कृति को जनजीवन में प्रतिष्ठापित करने की दृष्टि से उनकी यह एक नयी प्रेरणा, झकझोरने एवं सार्थक दिशाओं की ओर अग्रसर करने की मुहिम बनी है। जिससे नया भारत निर्मित होगा एवं पढ़ने की कम होती रूचि पर विराम लगेगा। पुस्तक एवं पुस्तकालय क्रांति के नये दौर का सूत्रपाठ होगा। मोदी ने प्रेमचन्द की तीन मशहूर कहानियों ईदगाह, नशा और पूस की रात का जिक्र किया और उन कहानियों में व्यक्त संवेदना की भी चर्चा की। निश्चित ही इससे देश में संवेदनहीनता एवं संवादहीनता की खाई को भरा जा सकेगा।

भारत सरकार द्वारा एक करोड़ का गांधी शांति पुरस्कार सौ साल से सनातन संस्कृति की संवाहक एवं पुस्तकों का सुन्दर संसार निर्मित करने के लिये गीता प्रेस, गोरखपुर को दिया गया था। 1800 पुस्तकों की अब तक 92 करोड़ से अधिक प्रतियां प्रकाशित करने वाले गीता प्रेस को इस पुरस्कार के लिये चुना जाना एक सराहनीय एवं सूझबूझभरा उपक्रम होने के साथ पुस्तक-प्रेम को बल देने का सराहनीय प्रयास है। क्योंकि गीता प्रेस की पुस्तकें भारतीय सनातनी घरों के जीवन का हिस्सा है। वस्तुतः पुस्तकें सचमुच हमारी मित्र हैं। वे अपना अमृतकोश सदा हम पर न्यौछावर करने को तैयार रहती हैं। उनमें छिपी अनुभव की बातें हमारा मार्गदर्शन करती हैं। हमारे मन में उठ रहे सवालों का जवाब पाने के लिए पुस्तकों से बेहतर ज़रिया कोई भी नहीं। तब भी जब हमारे आस-पास कोई नहीं है, हम अकेले हैं, उदास हैं, परेशान हैं, किताबें हमारी सच्ची दोस्त बनकर हमें सहारा देती हैं। पुस्तकों का महत्व एवं क्षेत्र सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदैशिक है। जहां तक जीवन की पहुंच है, वहां तक पुस्तकों का क्षेत्र है। पुस्तकों की यही कसौटी बताई गयी है कि वे जीवन से उत्पन्न होकर सीधे मानव जीवन को प्रभावित करती है।

पुस्तकों का आविष्कार उन भारी पत्थरों की जगह लेने के लिए किया गया था जहाँ मूल रूप से पाठ और चित्र उकेरे जाते थे, क्योंकि कई लोगों को उन्हें ले जाने में कठिनाई होती थी। पहली किताबें चर्मपत्र या बछड़े की खाल से बनी होती थीं और उनका कवर लकड़ी से बना होता था जिसे चमड़े में लपेटा जाता था। पहले के दिनों में किताबें बड़ी होती थीं और महंगे चमड़े से बंधी होती थीं। इसलिए, केवल अमीर लोग ही उन्हें खरीद सकते थे। उन्नीसवीं सदी के पहले भाग में औद्योगिक क्रांति के साथ और प्रिंटिंग प्रेस, पल्प पेपर मिलों और मैकेनिकल टाइपसेटिंग की व्यापक उपलब्धता के साथ, सस्ती पेपरबैक किताबें प्रकाशित और वितरित की जाने लगीं। इस प्रकार, यह न केवल आम लोगों के लिए सस्ती थी, बल्कि इसे ले जाना भी आसान था। पुस्तकें पढ़ने का कोई एक लाभ नहीं होता।

पुस्तकें मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं तथा सोचने समझने के दायरे को बढ़ाती हैं। पुस्तकें नई दुनिया के द्वार खोलती हैं, दुनिया का अच्छा और बुरा चेहरा बताती, अच्छे बुरे की तमीज पैदा करती हैं, हर इंसान के अंदर सवाल पैदा करती हैं और उसे मानवता एवं मानव-मूल्यों की ओर ले जाती हैं। मनुष्य के अंदर मानवीय मूल्यों के भंडार में वृद्धि करने में पुस्तकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ये पुस्तकें ही हैं जो बताती हैं कि विरोध करना क्यूँ जरूरी है। ये ही व्यवस्था विरोधी भी बनाती हैं तो समाज निर्माण की प्रेरणा देती है। समाज में कितनी ही बुराइयां व्याप्त हैं उनसे लड़ने और उनको खत्म करने का काम पुस्तकें ही करवाती हैं। शायद ये पुस्तकें ही हैं जिन्हें पढ़कर स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गांधी, आचार्य तुलसी एवं नरेन्द्र मोदी दुनिया की एक महाशक्ति बने हैं। वे स्वयं तो महाशक्ति बने ही है, अपने देश के हर नागरिक को शक्तिशाली बनाया या बनाना चाहते हैं, इसीलिये उन्होंने देश भर में एक पुस्तक-पठन तथा पुस्तकालय आंदोलन का आह्वान किया है, जिससे न सिर्फ लोग साक्षर होंगे, बल्कि सामाजिक व आर्थिक बदलाव भी आएगा।

पुस्तकों से ही आदर्श समाज की संरचना हो सकती है। लोकमान्य गंगाधर तिलक ने कहा था कि यदि कोई मुझे सम्राट बनने के लिये कहे और साथ ही यह शर्त रखे कि तुम पुस्तकें नहीं पढ़ सकोगे तो मैं राज्य को तिलांजलि दे दूंगा और गरीब रहकर ही साहित्य पढ़ूंगा।' यह पुस्तकीय सत्य नहीं, अनुभूति का सत्य है। अतः साहित्य के महत्व को वही आंक सकता है, जो उसका पारायण करता है। अमरीकी राष्ट्रपति अब्राहिम लिंकन कहते थे, ''मेरा सबसे अच्छा मित्र वह है जो मुझे ऐसी किताब दे, जो मैंने पढ़ी न हो।'' भले ही आज के इंटरनैट फ्रैंडली वर्ल्ड में सीखने के लिए सब कुछ इंटरनैट पर मौजूद है लेकिन इन सब के बावजूद जीवन में पुस्तकों का महत्व आज भी बरकरार है क्योंकि पुस्तकें बचपन से लेकर बुढ़ापे तक हमारे सच्चे दोस्त का हर फर्ज अदा करती आई हैं। उन्नत एवं सफल जीवन के लिये पुस्तकों के पठन-पाठन की संस्कृति को जीवंत करना वर्तमान समय की बड़ी जरूरत है। क्योंकि पुस्तकों में तोप, टैंक और एटम से भी कई गुणा अधिक ताकत होती है। अणुअस्त्र की शक्ति का उपयोग ध्वंसात्मक ही होता है, पर सत्साहित्य मानव-मूल्यों में आस्था पैदा करके स्वस्थ समाज की संरचना करती है। पुस्तकें समाज एवं राष्ट्र रूपी शरीर की मस्तिष्क होती है, जिनसे हमारी रूचि जागे, आध्यात्मिक एवं मानसिक तृप्ति मिले, हममें शक्ति एवं गति पैदा हो, हमारा सौन्दर्यप्रेम एवं स्वाधीनता का भाव जागृत हो, जीवन की सच्चाइयों का प्रकाश उपलब्ध हो, जो हममें सच्चा संकल्प और कठिनाइयों पर विजय पाने की सच्ची दृढ़ता उत्पन्न करें।

गणेश उत्सव में गणपति बप्पा की किस रंग की मूर्ति घर लाएं?

गणेशोत्सव की तैयार शुरू हो चुकी हैं। हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर लगातार 10 दिनों तक बड़े धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान घर के मंदिर या पूजा-पंडालों में गणेशजी की मूर्ति स्थापित की जाती है और उनकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है।

-: गणेशजी की मूर्ति से जुड़े वास्तु टिप्स :-

वास्तु एक्सपर्ट के अनुसार,हरे रंग की गणेश जी मूर्ति उत्तर दिशा में स्थापित करने से धन से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं।

काले रंग की गणेश मूर्ति उत्तर-पूर्व दिशा में रखना चाहिए। वास्तु के अनुसार, ऐसा करने से मानसिक तनाव और रोग दोषों से मुक्ति मिलती है।

नारंगी रंग के गणपति बप्पा को दक्षिण या दक्षिण पूर्व दिशा में रखें। मान्यता है कि इससे आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

जीवन में सुख-शांति और गणपति बप्पा का आशीर्वाद पाने के लिए घर में सफेद रंग की गणेशजी की मूर्ति ला सकते हैं।

इस रंग के गणपति को उत्तर-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए।

वास्तु एक्सपर्ट की मानें, तो घर के मंदिर,किचन और ऑफिस के वास्तु दोष को दूर करने के लिए गणेशजी की मूर्ति स्थापित करना शुभ होता है।

वास्तु के अनुसार, घर में एक साथ गणेश जी बहुत सारी मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए।

घर में गणेश जी बाएं सूड़ वाली प्रतिमा को स्थापित करना लाभकारी माना गया है।

घर में गणेशजी की मूर्ति रखने के लिए मूर्ति की ऊंचाई 6 इंच से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

अब खुद कीजिए नाखूनों पर कलाकारी

नेलपॉलिश हाथों की खूबसूरती बढ़ाने में मदद करते हैं। लेकिन अब केवल नेलपॉलिश से काम नहीं चलता। नाखूनों पर नेल ऑर्ट स्टाइलिश और ट्रेंडी दोनों दिखती है। लेकिन इसके लिए महंगे नेल आर्टिस्ट के पास जाने या महंगे इक्विपमेंट खरीदने की जरुरत नही है। बस नेलपॉलिश के साथ घर में रखी इन चीजों की मदद से सुंदर नेल आर्ट बनाने में मदद मिलेगी। तो चलिए जानें कैसे घर में रखी चीजों से नेल आर्ट बनाएं।

1. मेकअप ब्लेंडर से नेल आर्ट बनाने के लिए सबसे पहले नाखूनों पर नेल पेंट लगा लें। अब नेल पेंट से कलर कॉम्बीनेशन वाली दूसरी नेल पेंट को ब्लेंडर की टिप पर लगाकर नाखूनों पर टैप करते हुए छोटे गोले बनाएं। अलग-अलग रंग की नेल पेंट से कलरफुल नेल आर्ट भी बना सकती हैं।

2. ईयरबड्स का इस्तेमाल भी आप नेल आर्ट बनाने के लिए कर सकती हैं। नाखूनों पर नेल पेंट लगाएं। अब ईयरबड्स पर किसी दूसरे रंग की नेल पेंट लगाकर नाखूनों पर टेढ़ी-मेढ़ी लाइन बना लें। इससे आपके नाखून काफी सुंदर लगने लगेंगे।

3. टूथपिक का इस्तेमाल भी आप नेल आर्ट बनाने के लिए कर सकती हैं। पहले आधे नाखूनों में नेल पेंट लगाएं। अब स्माइली बनाने के लिए टूथपिक के पिछले हिस्से को दूसरे रंग की नेल पॉलिश में डुबोकर नाखूनों पर दो डॉट बनाएं और टूथपिक के अगले हिस्से से डॉट के नीचे स्माइली बना लें।

4. हेयर पिन से नेल आर्ट बनाने के लिए सबसे पहले नाखूनों पर नेल पेंट लगा लें। अब जिग-जैग वाली हेयर पिन पर दूसरे कलर की नेल पेंट लगाकर किसी भी पैटर्न में नाखूनों पर लगाएं। इससे आपकी नेल आर्ट काफी प्रोफेशनल लगने लगेगी।

5. पेन की रिफिल से नेल आर्ट बनाने के लिए नाखूनों पर ब्लैक या किसी अन्य कलर की नेल पेंट लगाएं। अब सफेद या किसी कॉम्बीनेशन कलर वाली नेलपेंट को रिफिल के कोने पर लगाकर नाखूनों पर अपनी मनपसंद डिजाइन बना लें। डिजाइन आसानी से बन जाएंगे।

बारिश के मौसम में पिएं हर्बल टी

बारिश के मौसम में हर्बल टी बनाकर पिएं और इनसे मिलने वाले फायदे उठाएं। ये खासकर इस मौसम के लिए हैं जो हेल्थ के लिए बहुत अच्छी मानी जाती हैं। जानते हैं ईजी रेसिपी। एंड कोल्ड में आराम देता है। किसी से वेट लॉस होता है तो किसी के पीने से पेट साफ होता है। जानते हैं ऐसी ही कुछ हर्बल टी की रेसिपी जो हमारे किचन में ही आसानी से मिलने वाले सामान से बन जाती हैं।

लेमनग्रास एंड जिंजर टी

इसके लिए थोड़ी सी लेमनग्रास ले लें और अदरक को कूटकर उसे पानी में डालकर दोनों को साथ उबालें। इसमें लौंग भी डालें और थोड़ी देर उबालने के बाद छानकर पिएं। अगर टेस्ट बिटर लगे तो हल्का सा गुड़ डाल लें। ये बारिश में गले में बहुत आराम देती है और पेट के लिए भी बेहतरीन होती है।

हनी, लेमन एंड टरमरिक टी

ये चाय बारिश का अमृत कही जाती है। इसे बनाने के लिए थोड़ी सी काली मिर्च कूटकर और एक कच्ची हल्द की गांठ छोटे टुकड़े करके पानी में उबालें। कच्ची हल्दी गर्म होती है इसलिए मात्रा कम ही लें। थोड़ी देर बाद इसे छान लें और ऊपर से लेमन और हनी मिक्स करके पिएं। ये सर्दी में रामबाण का काम करती हैं।

तुलसी टी

तुलसी टी के जितने फायदे कहे जाएं कम हैं। इसे तो चाय के तौर पर अपनी रेग्यूलर चाय में मिक्स करके या पानी में उबालकर कैसे भी ले सकते हैं। ये इम्यूनिटी तो बढ़ाती ही है साथ ही स्किन के लिए भी बहुत अच्छी होती है। इसकी चाय बनने के लिए एक बाउल में तुलसी की पत्तियां उबालें और छानने के बाद ऊपर से एक चम्मच हनी और नींबू का रस मिलाकर पिएं।

मिंट टी, सिनेमन टी

सिनेमन इतना गर्म होता है कि इसे सर्दी में लेना ही ठीक है। इसके लिए सिनेमन को पानी में उबालें और काली मिर्च भी कूटकर डालें। इसे नीचे उतारकर गुड़ मिलाएं और पी लें। ये वेट लॉस में बहुत फायदा करती है।

स्किन को सही तरीके से करें हाईड्रेट

कड़ाके की सर्दी स्किन का हाल बुरा कर देती है। जिसके कई सारे कारण होते हैं। एक तो ठंडी हवाओं में नमी नहीं होती। दूसरे गर्म पानी से नहाना और फिर शरीर को गर्म करने के लिए हीटर या आग तापना। ये सारी चीजें मिलकर स्किन को बिल्कुल रूखा और बेजान बना देती है। नतीजा स्किन में कई बार खुजली होने लगती है। ऐसे में जरूरी है कि स्किन को सही तरीके से हाईड्रेट किया जाए और तब मॉइश्चराइजर लगाया जाए।

बार-बार लगाना पड़ेगा मॉइश्चराइजर

स्किन जब ज्यादा रूखी रहती है तो इस पर कुछ देर के बाद ही मॉइश्चराइजर का असर खत्म होने लगता है। ऐसे में हर 4-5 घंटे के अंतराल पर मॉइश्चराइजर लगा लें। इससे स्किन में नमी बनी रहेगी।

पेट्रोलियम जेली बेस्ड मॉइश्चराइजर

स्किन बिल्कुल रूखी और बेजान हो गई है तो उस पर नॉर्मल मॉइश्चराइजर की बजाय पेट्रोलियम जेली जैसे वैसलीन ज्यादा तेजी से असर दिखाती है।

बेबी ऑयल भी करेगा मदद

अगर आपका मॉइश्चराइजर स्किन पर असर नहीं दिखा रहा है तो बेबी ऑयल को स्किन पर लगाएं। इसमे ज्यादा नरिश्मेंट होती है और ये स्किन पर ज्यादा देर तक टिका रहेगा। हमेशा ऑयल बेस्ड मॉइश्चराइजर को ही ठंड के लिए चुनें।

मॉइश्चराइजर लगाने का तरीका

ठंड में नमी की कमी होती है। जब आप गर्म पानी से नहाते हैं तो कुछ ही देर बाद शरीर का पानी सूख जाता है। ऐसे में मॉइश्चराइजर लगाने पर वो स्किन को अंदर तक मॉइश्चराइज नहीं करता केवल स्किन पर मौजूद पानी को लॉक कर देता है। अगर शरीर बिल्कुल सूखा है तो मॉइश्चराइजर का असर बहुत कम होगा। इसलिए हमेशा हल्की गीली स्किन पर ही मॉइश्चराइजर लगा लें। इससे स्किन पर मौजूद पानी को वो लॉक कर लेगा और स्किन ज्यादा देर तक नमी वाली बनी रहेगी और ड्राइनेस, खुजली परेशान नहीं करेगी। डेली रूटीन में मॉइश्चराइजर लगाने के अलावा शहद और दही जैसे नेचुरल मॉइश्चर देने वाली चीजों को भी टाइम-टाइम पर लगाते रहें।

फर्श पर सोने के फायदे

आजकल की लाइफस्टाइल काफी ज्यादा मॉर्डन और फास्ट है। लोगों को मुलायम गद्दों पर सोना काफी ज्यादा पसंद होता है। ज्यादातर लोग बेड पर मोटे से मोटा गद्दा का इस्तेमाल करते हैं। जमीन पर सोना तो अब पुराने ख्याल वाले लोगों की बात हो गई है। आजकल लोग अपने बेड से किसी भी तरह का समझौता करने को तैयार नहीं है। ऑफिस की थकावट के बाद एक व्यक्ति को लगता है कि कैसे भी अपने घर पहुंचकर चैन की नींद ले। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इतने ज्यादा आराम के बावजूद काफी ज्यादा पीठ और कमर के दर्द से परेशान रहते हैं।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अगर आपके भी शरीर में छोटी-मोटी किसी भी तरह का दर्द है तो आप जमीन पर सोना शुरू कर दें। आपको हफ्ते के अंदर इससे इतना ज्यादा फायदा मिलेगा जो आप विश्वास भी नहीं कर पाएंगे। भले ही शुरुआत में आपको सोने में बिल्कुल भी आराम नहीं मिलेगा लेकिन बाद में इसके कई सारे फायदे मिलेंगे। सबसे पहले एक पतली सी चटाई या कारपेट लें। अगर आपको असुविधा हो रही है तो चटाई पर कोई पतला सा गद्दा बिछा लें। इससे हड्डियों का अलाइनमेंट ठीक रहता है। अगर आपको काफी ज्यादा पीठ में दर्द होता है तो जमीन पर सोते वक्त पीठ के बल ही सोएं। इससे रीढ़ की हड्डी को काफी ज्यादा आराम मिलेगा। जमीन पर जब आप सोने की आदत बनाते हैं तो पतले तकिए का ही इस्तेमाल करें । इससे आपकी आदत भी बनेगी और बिना तकिया सोने से सांस लेने की परेशानी भी दूर रहेगी। जमीन पर सोने के लिए मुलायम गद्दे का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे आपके शरीर में दर्द शुरू हो जाएगी।

रीढ़ की हड्डी रहेगी एकदम ठीक

जमीन पर सोने से रीढ़ की हड्डी में दर्द और अकड़न कम होती है। जब आप गद्देदार गद्दे पर सोते हैं तो रीढ़ की हड्डी अकड़ जाती है। जिसका सीधा असर दिमाग पर पड़ता है। रीढ़ की हड्डी सेंट्रल नर्वस सिस्टम से जुड़ा हुआ रहता है। इसका सीधा कनेक्शन ब्रेन से जुड़ा हुआ है।

मांसपेशियों को मिलता आराम

जमीन पर सोने से कंधे और कूल्हे में होने वाले दर्द से बहुत आराम मिलता है। इससे पीठ दर्द, कंधा और गर्दन की दर्द में राहत मिलती है।

पीठ दर्द में राहत

जो लोग जमीन पर सोते हैं उनका पोश्चर ठीक रहता है और कमर दर्द भी कम हो जाती है।

शरीर का टेंपरेचर होता है कम

जमीन पर सोने से शरीर का टेंपरेचर हो जाता है कम। वहीं बेड पर सोने से शरीर की गर्मी बढ़ जाती है। जिससे बॉडी का टेंपरेचर बढ़ने लगता है।

ब्लड सर्कुलेशन रहता है ठीक

जमीन पर सोने से ब्लड प्रेशर ठीक रहता है। जिसके कारण मांसपेशियों को आराम मिलता है और तनाव कम हो जाता है।

पार्टनर के साथ बॉन्ड स्ट्रांग बनाने के टिप्स

जीवन में सफलता हासिल करने के लिए ही नहीं बल्कि अपने कमजोर होते हुए रिश्तों को मजबूत बनाए रखने के लिए भी व्यक्ति का खुद पर आत्मविश्वास होना बेहद जरूरी होता है। एक मजबूत आत्मविश्वास वाला व्यक्ति ना सिर्फ पार्टनर के साथ अपना बॉन्ड मजबूत बनाए रखता है बल्कि उसके साथ अपनी अच्छी बातचीत होने की वजह से अपनी खुशियों का भी पूरा ध्यान रखता है। पार्टनर के साथ खुलकर बातचीत करने की हिम्मत नहीं होती ।

अपनी खूबियों को एक दूसरे के साथ शेयर करें-
अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने का सबसे पहला तरीका है, आप खुद अपनी शक्तियों को पहचानकर उनकी सराहना करें। इसके लिए आप अपने पार्टनर के साथ अपनी-अपनी खूबियों की एक लिस्ट बनाकर एक दूसरे के साथ शेयर करें। इस उपाय को आजमाने से आप दोनों को अपने भीतर छिपी खूबियों और क्षमता को पहचानने में मदद मिल सकती है। ऐसा करते हुए आप दोनों एक दूसरे का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उसे कोई अच्छा कॉम्प्लीमेंट भी दे सकते हैं।

एक दूसरे के लक्ष्यों को हासिल करने में करें मदद-
अपने साथ अपने पार्टनर का भी आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए हमेशा एक दूसरे के लक्ष्यों का ध्यान रखें। इतना ही नहीं उन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक दूसरे का पूरा सहयोग भी करें। इसके लिए आप दोनों अपने-अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों को एक दूसरे के साथ जरूर शेयर करें। अपने रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए एक-दूसरे की प्रगति का जश्न साथ में मनाएं।

हर दिन कुछ नया करने की कोशिश करें-
आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक और तरीका है अपने साथी के साथ मिलकर कुछ नया करने की कोशिश करें। इसमें आप अपनी किसी हॉबी,कुकिंग, ट्रैवलिंग, जैसी चीजों को शामिल कर सकते हैं। ऐसा करने से आपको ना सिर्फ कुछ नया सीखने को मिलेगा बल्कि व्यक्तिगत विकास के साथ अपने डर और शंका को दूर करने का मौका भी मिलेगा।

पत्तेदार हरी सब्जी धोने का सही तरीका

हरी सब्जी में ढेर सारे न्यूट्रिशन होते हैं। इसलिए पत्तेदार सब्जियों को डाइट में खासतौर पर शामिल करने की सलाह दी जाती है। पालक, मेथी, बथुआ, सरसों के पत्तों को सर्दियों में हर घर में खाया जाता है। लेकिन इसे पकाने से पहले तैयारी में काफी वक्त लगता है। सबसे ज्यादा समय इन पत्तेदार सब्जियों की सफाई के लिए जरूरी होता है। अगर इन पत्तेदार सब्जियों को आप जल्दीबाजी में धोकर पका देती हैं। तो जान लें इसे धोने का सही तरीका। जिससे कि ना केवल इसके सारे जरूरी न्यूट्रिश मौजूद रहें बल्कि इसमे मौजूद बैक्टीरिया और पेस्टिसाइड शरीर में ना जाए।

पत्तेदार सब्जियों के जड़ और तने को अलग कर दें

पत्तेदार सब्जियों को मार्केट से लाने के बाद जड़ और तने से अलग कर दें। जिससे आप पत्तियों को आसानी से धो पाएंगी और बेकार की गंदगी पहले ही अलग हो जाएगी।

ठंडे पानी से धोएं

सारी पत्तियों को अलग-अलग करके ठंडे पानी से धोएं। पानी में एक-एक पत्तियों को रगड़कर साफ कर लें। जिससे इन पर जमी मिट्टी हट जाए। हरे साग को धोने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल ना करें। इससे पत्तियां खराब हो जाएंगी।

फिटकरी या विनेगर में भिगोएं

हरे पत्तेदार सब्जियों को कुछ देर पानी और फिटकरी के सॉल्यूशन में भिगो दें। या फिर पानी और विनेगर के सॉल्यूशन में भिगोएं। इससे पत्तियों पर जमे पेस्टिसाइड आसानी से साफ हो जाएंगे।

अच्छी तरह से पानी सुखा दें

पत्तियों को धोने के पाद पानी को अच्छी तरह से सुखा दें। जिससे साग खराब ना हो और सारे पत्तों के पानी सूख जाएं। इस काम के लिए पेपर टॉवेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। फिर पेपर टॉवेल में ही पत्तों को लपेट कर रख दें।

पत्तेदार सब्जियों को ऐसे करें स्टोर

हरी पत्तेदार सब्जियों की फ्रेशनेस बरकरार रहे इसके लिए उन्हें साफ और सुखाकर किसी प्लास्टिक बैग में रखें। जिसमे हवा जाती रहे और ये फ्रेस बने रहें। या फिर पेपर टॉवेल में लपेटकर रखें।

बच्चों के मनोभावों को समझना आसान नहीं

कॉम्प्लेक्स इमोशंस

आजकल बच्चे कई तरह के इंमोशंस से गुजरते हैं । हमारी पीढ़ी के लोगों की तुलना में आज के बच्चों का जीवन ज्यादा जटिल है। ऐसे में पेरेंट को उनकी भावनाओं को समझने का प्रयास करना चाहिए। अपने समय से बार बार तुलना करने से कोई फायदा नहीं होगा। उन्हें अपने मन की बातों को शेयर करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

आजादी

आजकल बच्चे आजादी चाहते हैं। पेरेंट के लिए उन्हें दी जाने वाली आजादी और उनके लिए सीमा तय करने के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होता है। अगर आप बच्चों को कुछ करने से रोकना चाहते हैं तो उसका कारण अच्छी तरह से बताना जरूरी है। बच्चों को ऐसा महसूस न कराएं कि आप उनके हर काम और व्यवहार पर नजर रख रहे हैं।

हर बच्चा अलग

हर बच्चा अपने आप में अलग व्यक्तित्व और स्वभाव को होता है। सबसे पहले उसे उसके उसी अंदाज के साथ स्वीकार करें। उन्हें किसी और की तरह दिखने या काम करने के लिए कहने से बचना जरूरी है। अधिकतर पेरेंट अपने बच्चे की यूनिकनेस को इग्नोर कर उसे किसी और की तरह देखना चाहते हैं, ऐसा करना आपके बच्चे को आपसे दूर कर सकता है।

उन्हें भी होता है स्ट्रेस

आजकल बच्चों में स्ट्रेस और एंग्जायटी कॉमन है। अधिकतर पेरेंट बच्चों में शुरु हो चुकी इन परेशानियों को इग्नोर कर देते हैं। बेहतर होगा कि इस बारे में बच्चों से बात करें।

गुड़ की रोटी खाने के फायदे

इम्यूनिटी होगी बूस्ट

सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए गुड़ खाएं। अगर रोटी के साथ गुड़ खाते हैं तो इससे बॉडी को कई बीमारियों और कई तरह के खराब बैक्टीरिया से बचाने में मदद मिलती है। नियमित तौर पर इसे खाने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

कब्ज की समस्या होगी दूर

गुड़ में मौजूद पोषक तत्व कब्ज को दूर करने और पाचन तंत्र में सुधार करने में मदद करते हैं। ये आंत को हेल्दी रखने में भी मदद करता है। अगर आपको कब्ज और दूसरी पाचन संबंधी समस्या है तो छुटकारा पाने के लिए गुड़ की रोटी खाएं।

स्किन के लिए भी फायदेमंद

गुड़ की रोटी खाने से स्किन भी चमकदार रहती है। दरअसल, इसे खाने से शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स खत्म होते हैं, जो आपकी स्किन से संबंधित सभी समस्याएं को दूर करते हैं।

शुगर लेवर रहेगा कंट्रोल

ब्लड शुगर कंट्रोल करने में ये मददगार साबित हो सकता है। इसके अलावा यह आपकी हड्डियों को मजबूत कर सकता है। हालांकि, अच्छे रिजल्ट के लिए इसे नियमित तौर पर खाना होगा।

कैसे बनती है गुड़ की रोटी

गुड की रोटी बनाने के लिए आटे में पाउडर गुड़, घी और तिल को अच्छे से मिला लें। फिर इसका आटा गूंथ लें। अब इसे रोजाना की रोटी की तरह बेलकर सेक लें। रोटी पर घी लगाएं और गर्मा-गरम खाएं।

संक्षिप्त समाचार

बोड़ेसरा में शिक्षक दिवस मनाया गया

सरायपाली (समय दर्शन)। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्म दिवस के अवसर पर 5 सितम्बर को पुरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी तारतम्य में शासकीय प्राथमिक शाला बोड़ेसरा में धूम धाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर फूलमाला चढाकर किया गया। विद्यार्थियों ने भी गीत एवं भाषण में हिस्सा लिया। साथ ही सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर सम्मानित किया। उन्हें उपहार स्वरूप डायरी, पेन एवं श्रीफल दिया गया। इस अवसर पर श्रीमती बनमोती चिन्तामणि भोई प्रधान पाठक ने सभी छात्र/छात्राओं को शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन सरायपाली इकाई की मासिक बैठक सम्पन्न

संगठन की एकता और मजबूती पर हुई चर्चा

शंकर लहरे/ सरायपाली (समय दर्शन)। प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम जी के निर्देशानुसार और जिला अध्यक्ष बलराज नायडू के आदेशानुसार आज ब्लॉक इकाई सरायपाली की बैठक आहूत की गई। छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की सरायपाली इकाई की मासिक बैठक उप वन मंडल सरायपाली स्थित रेस्ट हाऊस में संपन्न हुआ। आज के इस बैठक में यूनियन की एकता और संगठन की मजबूती पर गहन चर्चा की गई। यूनियन अध्यक्ष शंकर लहरे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रमुख रूप सेनृपनिधि पाण्डे उपाध्यक्ष, सुरोतीलाल लकड़ा, इरफान शेख, सुनील महापात्र, नारायण साण, अजय चौहान, गणेश दास, आयुष साहू, गोपाल झनन प्रेमी लहरिया,झषाक नायक और फागुलाल रात्रे उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के समर्पण, एकजुटता और अनुशासन को बनाए रखने पर जोर दिया गया। अध्यक्ष श्री लहरे ने कहा कि यूनियन की ताकत उसकी एकता में है और सभी सदस्यों को इसके लिए मिलकर कार्य करना चाहिए। जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद इरफान शेख ने नई योजनाओं पर विचार रखते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया जा रहा है। सुनील महापात्र ने ब्लॉक यूनियन की स्थिति को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। नारायण साण और अजय चौहान ने यूनियन का विस्तार और नए सदस्यों को जोड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। आज की इस बैठक में यूनियन के सदस्यों को यूनियन सदस्यता कार्ड का वितरण किया गया। यूनियन के सभी सदस्यों के विचारों को सुनने के बाद सभी ने मिलकर संगठन की विस्तार, एकता और मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

ओला इलेक्ट्रिक ने फेस्टिव सीजन अपने एस1 पोर्टफोलियो पर 28,000 रुपये तक की आकर्षक डील्स और बेनेफिट्स के साथ शुरू किया

दुर्ग। ओला इलेक्ट्रिक ने आज फेस्टिव सीजन से पहले आकर्षक डील और ऑफर पेश किए। ग्राहकों को चुनिंदा एस1 स्कूटर खरीदने पर 5,000 रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अलावा, एक्सेसरीज़ और चुनिंदा बैंक के क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर कंपनी ने 11,000 रुपये तक के अतिरिक्त लाभ की घोषणा भी की है। ग्राहकों को 12,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस भी दिया जा रहा है। इस ऑफर का लाभ ग्राहक नजदीकी ओला इलेक्ट्रिक स्टोर पर आकर ले सकते हैं। यह ऑफर चुनिंदा शहरों में 15 सितंबर तक लागू रहेगा। कंपनी अपने उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 8 साल/80,000 किलोमीटर की एक्सटेंडेड बैटरी वॉरंटी प्रदान करती है। ओला इलेक्ट्रिक का मानना है कि इससे इलेक्ट्रिक वाहनों की उम्र बढ़ेगी, और इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने में आने वाली एक बड़ी बाधा दूर हो सकेगी। ग्राहक एड-ऑन वॉरंटी लेकर 1,00,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 4,999 रुपये देकर और 1,25,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 12,999 रुपये देकर वॉरंटी के अंतर्गत ला सकते हैं।

भाजयुमो की सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

युवा मोर्चा ने प्रदेश द्वारा दिए गए लक्ष्य को तय करने का लिया संकल्प

दुर्ग (समय दर्शन)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा दुर्ग जिले की बैठक का संपन्न हुई जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला एवं मंडल के पदाधिकारी सम्मिलित हुए मुख्य वक्ता के रूप में जिला भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राजेन्द्र पाध्या मुख्य रूप में उपस्थित हुए। भारत माता के तैल्यचीत्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर बैठक की शुरुआत की गई मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राजेंद्र उपाध्याय ने युवा मोर्चा के साथियों को सदस्यता अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने पांच बुथ को लक्ष्य लेकर वहां सदस्यता अभियान करें और भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने में लोगों को प्रेरित करें साथ ही साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा को प्रदेश द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूरा करते हुए सदस्यता अभियान को गति प्रदान करें। युवा मोर्चा के महामंत्री मनोज शर्मा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए युवा मोर्चा दृढ़ संकल्पित है। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को गति देते हुए युवा मोर्चा सतत लोगों को भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति से जोड़ने एवं सदस्य बनने में लगे रहेगा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र साहू ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सानिध्य चंद्राकर प्रशांत अग्रवाल नितेश जैन गोपू पटेल हर्ष चंदेल बाल कृष्णा यादव ओमकार कौशिक शिशिर राठौर भुपेंद्र साहू शुभम साहू लिकेश्वर देशमुख दिनेश पटेल प्रवीण यदु नवीन साहू राहुल सोनकर करण सेन गब्बर साहू राहुल उमरे रोहन साहू बिट्टू साहू कुणाल वर्मा सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा के साथी उपस्थित थे।

भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत फूटकर विक्रेताओ के बीच पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन

फल सब्जी और चाट गुपचुप बेचने वाले लोगों को बनाया भाजपा का सदस्य

गरियाबंद (समय दर्शन)। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने शुक्रवार को भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर नगर में आम नागरिकों के बीच पहुंचे। नगर के बस स्टैंड, सब्जी बाजार और व्यापारी लाइन में घूम घूम कर अनेक लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसकी शुरवात उन्होनें नगर के सब्जी बाजार से की। यहां फूटकर विक्रेताओं को भाजपा के रीति नीति ओर विकासमुखी सोच से अवगत कराए हुए उन्हें ऑनलाइन माध्यम से भाजपा का सदस्य बनाया। इस दौरान सब्जी दुकान, फल दुकान, चाय दुकान, चाट गुपचुप ठेले संचालक के साथ ही बाजार आए ग्रामीण और आम नागरिक भी भाजपा के सदस्य बने। मेमन ने सभी को भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए जारी मिस काल नंबर 8800002024 में काल एवम ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण कर भाजपा की सदस्यता दिलाई। साथ ही भाजपा से जुड़ने के लिए उनका स्वागत करते हुए आभार भी जताया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा की भाजपा का संगठन महापर्व सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। भाजपा ने देश में 10 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों के साथ ही गांव गांव घर घर भाजपा कार्यकर्त्ता सदस्य बनाने के अभियान में जुट गए है। सदस्यता अभियान के तहत किसान, मजदूर, युवा, महिला, बुजुर्ग, फूटकर व्यापारी हर वर्ग को भाजपा जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि आज देश का हर वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ना चाहता है। फूटकर विक्रेताओं में भी भाजपा से जुड़ने उत्साह है। आज जब मैं फुटकर विक्रेताओं के बीच उन्हें सदस्य बनाने पहुंचा तो उन्होंने भी भाजपा से जुड़ना स्वीकार किया। फुटकर व्यापारियों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने हम सब की चिंता की है और हमारे विकास के लिए अनेकों योजनाएं लागू की है, पक्का मकान दिया, इलाज की व्यवस्था की, बच्चो का भविष्य सुरक्षित किया है। हम सब भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ने के लिए उत्साहित हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गांव गरीब किसान मजदूर महिला हर वर्ग का विकास किया है। गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसकी चिंता केवल भारतीय जनता पार्टी ही करती है। यही कारण है कि देशभर में लोग भाजपा से जुड़ने के लिए उत्साहित और स्वता ही मिस कॉल कर भाजपा से जुड़ रहे हैं।

मांई दंतेश्वरी मंदिर में 03 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक होने वाली शारदीय नवरात्र पर्व के आयोजन के लिए हुई बैठक

दंतेवाड़ा (समय दर्शन)। मांई दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाडा में शारदीय नवरात्र पर्व वर्ष 2024 का आयोजन 03 अक्टूबर 2024 से 11 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है। जिस दौरान आवश्यक व्यवस्था तथा मंदिर परिसर की रख-रखाव के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय भवन दंतेवाड़ा में 05 सितम्बर 2024 को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दंतेवाड़ा एवं सचिव टेम्पल एस्टेट दंतेवाड़ा की अध्यक्षता में विधायक दंतेवाड़ा, अध्यक्ष नगर पालिका दंतेवाड़ा, अध्यक्ष जनपद पंचायत दंतेवाड़ा एवं गीदम, मंदिर के प्रधान पुजारी, मंदिर समिति सदस्यों, मांझी, चालकी, बारह लंकवार, अधिकारीगण एवं गणमान्य की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंदिर एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु टेंट, लाईट की व्यवस्था, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, चिकित्सा व्यवस्था, साफ-सफाई कार्य, भण्डारा व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, मांई जी की दर्शन व्यवस्था हेतु सामान्य दर्शन के अतिरिक्त नवरात्र पर्व एवं सामान्य दिवस में भी विशेष/व्हीआईपी दर्शन हेतु शुल्क लेकर दर्शन व्यवस्था कराने, वाहन पार्किंग एवं बाजार स्थल की व्यवस्था, दशहरा पर्व हेतु आवागमन एवं ठहरने की व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त मांई जी मंदिर की आमदनी बढ़ाने हेतु दान में प्राप्त चांदी के आभूषणों को गलाकर सिक्का निर्माण करने, मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु नवीन धर्मशाला निर्माण करने, मांई जी की भूमि में काबिजों से किराया वसूली करने एवं रिक्त भूमि में आवश्यकतानुसार काम्पलेक्स निर्माण करने, संग्रहालय में धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का चित्रण/विवरण की व्यवस्था के साथ मांई जी मंदिर की आस्था का विस्तार हेतु प्रतिदिन आरती का लाईव प्रसारण करने के संबंध में चर्चा कर निर्णय पारित किया गया।

रामदेव बाबा दरबार में भादवा मेला की धूम, श्रद्धालुओं को मिल रहा है जम्मा जागरण, भजनो व परचो का पुण्य लाभ

दुर्ग (समय दर्शन)। पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में भादवा मेला की धूम मची हुई है। यहां प्रतिदिन रात्रि में श्री रामदेव बाबा के जम्मा जागरण, भजनों और परचों का श्रद्धालुओं को

पुण्य लाभ मिल रहा हैं। दस दिवसीय भादवा मेला के पहले दिन दुर्ग के प्रसिद्ध भजन गायक गौरव बजाज ने श्री रामदेव बाबा के जन्मोत्सव पर आधारित जम्मा जागरण की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। दूसरे दिन राजस्थान गंगानगर के श्री बाबा रामदेव संगम के कलाकारों द्वारा जम्मा जागरण व भजनों की प्रस्तुति में श्रद्धालु झूम उठे।

यह भादवा मेला चालीसगांव महाराष्ट्र के सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में चल रहा है।

फलस्वरुप भक्तमाता शांतादेवी बापजी से आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं की की दरबार में भीड़ उमड़ रही है । विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि भी दर्शन के लिए श्री रामदेव बाबा दरबार पहुंचे। यहां उन्होंने भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहर की सुख समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान श्री रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन, सुश्री पायल जैन, मनीष जैन, महावीर बाफना, प्रवीण पींचा, गौरव बजाज, राकेश धाडीवाल, गौतम धाडीवाल, मोंटी सोनी, मनीष छाजेड़, संतोष छाजेड़, प्रशांत शर्मा, गोविंद बजाज के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। श्री रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन ने बताया कि भादवा मेला में 7 सितंबर को हार्दिक व्यास राजनांदगांव, 8 सितंबर को मयूर मयंक बिंदल डोंगरगढ़,9 सितंबर को महेश, राकेश कोलकाता पश्चिम बंगाल, 10 सितंबर को श्रीमती पिंकी मिनाक्षी कोलकाता पश्चिम बंगाल, 11 सितंबर को रितेश पवार, जोधपुर राजस्थान व 12 सितंबर को गौरव बजाज दुर्ग द्वारा जम्मा जागरण व भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। भादवा मेला के अंतिम दिन 13 सितंबर को प्रात: 11 बजे हवन-पूजन कर महाआरती की जाएगी, तत्पश्चात महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया हैं।

किरंदुल परियोजना प्रबंधन ने मनाया शिक्षक दिवस

दंतेवाड़ा किरंदुल (समय दर्शन)। दंतेवाड़ा किरंदुल परियोजना प्रबंधन द्वारा डीएवी स्कूल के सभागार में परियोजना विद्यालय, डीएवी स्कूल, प्रकाश विघालय, विद्या मंदिर, भारत माता मॉडल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ वृहद स्तर पर शिक्षक दिवस मनाया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक (विद्युत) एवं विशिष्ट अतिथि बी.के.माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इस इवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए समाज में शिक्षक के स्थान को रेखांकित किया और व्यक्ति के चरित्र निर्माण में एक अच्छे शिक्षक की आवश्यकता को विषद किया। बी.के.माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हमारे जीवन में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। आप चाहे जीवन के किसी भी पड़ाव पर हो शिक्षक की आवश्यकता सबको होती है। शिक्षक समाज की रीढ़ की हड्डी होती है जो हमारे चरित्र के निर्माण और भविष्य को आकार देने में तथा देश का आदर्श नागरिक बनाने में हमारी मदद करते हैं। साथ ही शिक्षकों का समाज में दिए जा रहे विशिष्ट योगदान को सहारा। मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार सहित वितरित किए। शिक्षिकाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में विवेक कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन), शैलेन्द्र सोनी, सहा.महाप्रबंधक (कार्मिक), बिकास कुमार, सहा.प्रबंधक (कार्मिक), विभिन्न विघालयों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचलान पारितोष तिवारी, सहा.प्रबंधक (कार्मिक) एवं सुश्री कुनामी, सहा.प्रबंधक (कार्मिक) ने बखूबी किया। अंत में डा.अभिजीत मिश्रा, वरि.प्रबंधक (कार्मिक) ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की सफलता में कार्मिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा।

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में शिक्षक दिवस का हुआ आयोजन

शंकर लहरे/सगरपाली(समय दर्शन)। दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुखमणी / सुभाष पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, अध्यक्षता जी.एस. तोमर अध्यक्ष, दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति-लंबर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार पटेल-सेवानिवृत प्रधानपाठक, संतराम सारथी - सेवानिवृत व्याख्याता, धनुर्जय पटेल सेवानिवृत व्याख्याता, विश्वनाथ पटेल सेवानिवृत व्याख्याता थे। सभी अतिथियों के द्वारा डॉ. राधाकृष्णन के छायाचित्र, व मां सरस्वती, गणेश की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि रुखमणी पटेल ने राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सुन्दर गीत - इतनी शक्ति हमें देना दाता' प्रस्तुत की अध्यक्षता कर रहे तोमर ने कहा कि विद्यार्थी को हमेशा शिक्षकों का आदर व सम्मान करना चाहिए, कार्यक्रम में संतराम सारथी, विश्वनाथ पटेल, राजकुमार पटेल ने अपना- अपना विचार भी व्यक्त किये। छात्र-छात्राओ की ओर से मनीषा साहू, विद्या साहू रितू पटेल, तमन्ना साहू, निर्मला चौहान, तनू पटेल, रश्मि साहू, करनदास मानिकपुरी ने गुरु वंदना, गुरुभक्ति, गुरुओं के महत्व के बारे में सुन्दर प्रस्तुती दी! शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी अतिथियों को शॉल, श्रीफल, पेन, डायरी व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति लम्बर के आर. आर. पटेल कोषाध्यक्ष, मदन चौरसिया सचिव, अंगद साहू सदस्य एवं विद्यालय के जी.पी. पटेल प्राचार्य, जे. के. जायसवाल बी. एल. साहू, एम.डी. मानिकपुरी, सी.आर. जायसवाल, टी. आर. जायसवाल, एल. के. साहू, एल. के. सिदार, ए. के चन्द्रा, एफ एस. बरिहा, खिरोद सिदार उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र संघ पदाधिकारी मनीषा साहू शाला नायक, लालिका श्रीवास उपशालानायक, शशि बरिहा विज्ञान सचिव, दिनेश निषाद मनीषदास, कृष्णकुमार पटेल, प्रशांत साहू, विद्या साहू छात्रा प्रतिनिधि, करनदास एन. एस. एस. दल नायक, हेमलता यादव एन. एस. एस. दल नायिका, एवं एन. एस. एस. के समस्त स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी आर. के. पटेल कार्यक्रम अधिकारी ने दिया!

खबर-खास

शाओमी इंडिया ने कैटरीना कैफको अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया: स्मार्ट भविष्य के लिए फिर से नया गठबंधन

नईदिल्ली। अपने इनोवेशन के लिए मशहूर, ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड, शाओमी इंडिया ने आज कैटरीना कैफ को अपना ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया। ब्रांड एम्बेसडर के रूप में कैटरीना कैफ शाओमी के स्मार्टफोन, टीवी, और टेबलेट्स का प्रमोशन करेंगी। शाओमी को भारत में दस साल पूरे हो रहे हैं और इस समय किया गया यह गठबंधन हर किसी तक इनोवेशन पहुँचाने की शाओमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। इस गठबंधन में कैटरीना की वैश्विक अपील और आकर्षक सुंदरता सिमटी हुई है। कैटरीना कैफ एक सफल बॉलिवुड अभिनेत्री हैं। भारतीय फिल्म उद्योग और विश्व में उनकी एक अलग पहचान है। वो इनोवेशन, स्टाईल और उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो शाओमी के मुख्य गुण हैं। उनकी लोकप्रियता और प्रभाव ब्रांड के बढ़ते ग्राहकों को आकर्षित करेंगे। कैटरीना को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाकर शाओमी ग्राहकों से अपना जुड़ाव मजबूत करना और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पसंद करने वाले महत्वाकांक्षी भारतीयों के बीच अपनी स्थिति मजबूत करना चाहता है। अनुज शर्मा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, शाओमी इंडिया ने कहा, ''भारत में इनोवेशन पेश करते हुए दस साल पूरे होने के साथ शाओमी परिवार में एक बार फिर कैटरीना कैफ का स्वागत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। उनकी शिष्टता, व्यापक अपील, और हमारे दर्शकों से गहरे जुड़ाव के कारण वो हमारे अगले चैप्टर के लिए उपयुक्त एम्बेसडर हैं। शाओमी और कैटरीना, दोनों में लोगों से गहरा जुड़ाव विकसित करने की अद्वितीय क्षमता है। अपने इस गठबंधन के साथ हम मिलकर इनोवेटिव टेक्नोलॉजी हर व्यक्ति तक पहुँचाएंगे।'' शाओमी का नया चेहरा बनने पर उत्साहित कैटरीना कैफ ने कहा, ''मैं शाओमी परिवार में फिर से शामिल होकर बहुत उत्साहित हूँ। यह बहुत ही रोमांचक समय है, जब यह ब्रांड लोगों के जीवन में इनोवेशन लाने के दस साल पूरे कर रहा है। शाओमी भारत में बहुत मशहूर है और उनकी इनोवेशन की प्रतिबद्धता की मैं बहुत सराहना करती हूँ।

सैमसंग 'सॉल्वि फॉर टुमॉरो' 2024 ने ग्रैण्डइ फिनाले के लिये 10 फाइनलिस्ट टीमों की घोषणा की

गुरुग्राम: सैमसंग इंडिया ने आज अपने प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम 'सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024'की टॉप 10 टीमों की घोषणा की है। ये टीमें अब ग्रैंड फिनाले में अपने अनूठे आइडियाज को सैमसंग और उद्योग के प्रमुख लीडर्स की जूरी के सामने पेश करेंगी। इन टीमों का चयन देश के दूर-दराज के इलाकों से हुआ है, जैसे असम के गोलाघाट और कामरूप, राजस्थान के झालावाड़, कर्नाटक के उडुपी और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर। इससे इस प्रोग्राम की व्यापक क्षेत्रीय पहुँच का पता चलता है। ये फाइनलिस्ट्स एक कड़ी चयन प्रक्रिया से गुजरे, जिसमें सैमसंग जूरी के सामने कई राउंड्स में पिच प्रेजेंटेशन देना और सैमसंग फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एण्डी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी)] आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन पाना शामिल था। इन 20 टीमों को प्रोटोटाइप बनाने के लिए हर टीम को 20,000 रुपये का अनुदान दिया गया। इसके अलावा, यूथ ट्रैक की टीमों को सैमसंग गैलेक्सी लैपटॉप्स और स्कूल ट्रैक की टीमों को गैलेक्सी टैब्स मिले। इस प्रोग्राम के तीसरे संस्करण में छात्रों ने दो अहम विषयों पर अपने आइडियाज दिए - 'कम्युनिटी और समावेशन' और 'पर्यावरण और स्थिरता'। इन विषयों के तहत ज्यादातर आइडियाज उन समस्याओं का समाधान करने पर केंद्रित थे, जैसे वंचित समुदायों की शिक्षा तक पहुँच, आनुभविक शिक्षण में चुनौतियाँ,डिजिटल साक्षरता, जल संरक्षण, और आर्सेनिक प्रदूषण। टीमों ने 'इनोवेशन वॉक' में भी हिस्सा लिया, जो छात्रों की मेंटरिंग, विशेषज्ञ सत्रों और नए अवसरों के लिए आयोजित की गई थी। यह कार्यक्रम सैमसंग के बेंगलुरु और नोएडा के आर एंड डी सेंटर और गुरुग्राम के क्षेत्रीय मुख्यालय में हुआ। छात्रों ने ऐसे सत्रों में भाग लिया, जिनमें उन्हें उत्पाद विकास की प्रक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिलीं, जिससे उनके आइडियाज और बेहतर हुए। इसके बाद नेशनल पिच इवेंट हुआ, जहाँ से अंतिम 10 टीमों को चुना गया। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन ने कहा, हम इन 10 टीमों की यात्रा देखकर बहुत उत्साहित हैं। 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' प्रोग्राम ने इन छात्रों की रचनात्मकता और क्षमता को एक नई दिशा दी है। वे न सिर्फ फिनाले के लिए तैयार हुए हैं, बल्कि भविष्य के लिए भी खुद को मजबूत कर रहे हैं। इस प्रोग्राम का उद्देश्य है कि छात्रों को तकनीकी कौशल और आत्मविश्वास मिले, ताकि वे नई सोच के साथ आगे बढ़ सकें। हम ग्रैंडपिच इवेंट का इंतजार कर रहे हैं और यह देखने के लिए रोमांचित हैं कि ये छात्र अपने आइडियाज से समाज में कैसे सकारात्मक बदलाव लाते हैं। एफआईटीटी, आईआईटी दिल्ली के प्रबंध निदेशक डॉ. निखिल अग्रवाल ने कहा, इन बच्चों ने जो इनोवेशन और रचनात्मकता दिखाई है, वह वाकई प्रेरणादायक है।

एंजेल एंग्लो हाई स्कूल में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस,छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को भेंट किए उपहार

गरियाबंद (समय दर्शन)। भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर गुरुवार को शहर के गरियाबंद के एंजेल एंगलो स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया।सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ राधाकृष्णन की चित्र पर स्कूल के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने माल्यार्पण एवं द्वीप प्रजलित कर किया,और फिर उसके बाद बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।बच्चों के द्वारा प्यारे प्यारे भाषण प्रस्तुत किए गए ड्रामा और नृत्य प्रस्तुत किया गया।ज्ञात हो कि 5 सितम्बर को प्रति वर्ष शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है क्योंकि हमारे देश मे महानतम शिक्षकों और दार्शनिकों में से एक,प्रथम उप राष्ट्रपति तथा द्वितीय राष्ट्रपति डा सर्व पल्ली राधा कृष्णन का जन्म हुआ था और उनके जन्म दिवस को हमारे देश मे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस अवसर पर स्कूल के समस्त विद्यार्थियों द्वारा अपने अपने कक्षा को सजाया गया तथा शिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा शिक्षकों द्वारा जीवन मे शिक्षक और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही साथ स्कूल के होनहार छात्रों और छात्राओं को शिक्षक के रूप मे शिक्षण करने का और प्रदान किया गया जिससे उनके अंदर एक शिक्षक कौशल और गुण का विकास हो सके।एंजेल्स एंगलो स्कूल बहुत ही उत्साह से शिक्षक दिवस मनाया गया कार्यक्रम का संचालन दिया सवैया अनम मेमन

10वीं 12वीं की बच्चों द्वारा किया गया स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से केक काटा।

इस मौके पर स्कूल के प्रचार्य स्टेफ़्ड बंस ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में बच्चों को विस्तृत रूप से बताया।उन्होंने कहा कि कोई भी शिक्षक कभी साधारण नहीं होता। प्रलय और निर्माण उनकी गोद में पलते हैं, शिक्षक भविष्य निर्माता होते है।उन्हे चाहिए कि वो बच्चो की भावना को समझते हुए उनके अनुरूप अपनी शिक्षण पद्धति को तैयार करे,ताकि पढ़ाई बच्चो को बोझ ना लगे, बल्कि उन्हें यह समझाए की शिक्षा उनके जीवन को श्रेष्ठ बनाएगी और आने वाले समय में यह जीवन की मुख्यधारा में लाने में सहायक साबित होगी।वही इस मौके पर प्राची ने कहा कि भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा है।यह दिन भारत के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति,विद्वान,दार्शनिक, और भारत रत्न से सम्मानित डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।डॉ.राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था।शिक्षक दिवस के इस खास मौके पर हम उन सभी शिक्षकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने हमारी जिंदगी को सही दिशा दी है।शिक्षक केवल पाठ्यक्रम के ज्ञान के ही शिक्षक नहीं होते,बल्कि वे जीवन के पाठों के भी मार्गदर्शक होते हैं.उनकी मेहनत,समर्पण और शिक्षण की कला ने हमें सिखाया कि कैसे अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाएं और समाज में अपनी जगह बनाएं।

इस मौके पर क्लास 12ह्लद्ध की स्टूडेंट अनम मेमन ने कहा कि डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने लिखा है कि फ्रसमाज में अध्यापक का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। वह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को बौद्धिक परम्पराएँ और तकनीकी कौशल पहुँचाने का केंद्र है और सभ्यता के प्रकाश को प्रज्वलित रखने में सहायता देता है।

कवर्धा पुलिस ने 132 गुम मोबाईल को ढूंढकर वास्तविक मोबाइल स्वामी को लौटाया

अभी तक इस साल 372 मोबाईल किया गया रिकव्हर।

कवर्धा (समय दर्शन)। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि जिला सायबर सेल द्वारा लंबित गुम मोबाइल के आवेदन तथा सीईआईआर पोर्टल से प्राप्त आवेदनों में से वर्तमान में कुल 132 विभिन्न कंपनियों के एंड्राइड मोबाइल फोन कीमती करीबन् 21 लाख रुपए को जिला एवं आसपास के क्षेत्रों से बरामद किया गया। प्राप्त मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामी को दिए जाने तथा वर्तमान परिवेश में हो रहे सायबर अपराधों से बचाव से आमजनों को सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक महत्तवपूर्ण सुझाव देने के लिए 5 सितंबर 2024 को पुराना पुलिस लाइन स्थित स्वामी विवेकांनद अकादमी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विकास कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने

आमजनों को सोशल मीडिया के उपयोग के तरीके तथा सुरक्षात्मक उपायों की जानकारी दी। उन्हें वर्तमान में हो रहे सायबर अपराधों के बारे में बताया और इन अपराधों से सुरक्षित रहने के उपाय भी बताया। निकट भविष्य में मोबाइल गुम हो जाने पर ऑनलाईन की साइट मेंमोबाइल के संबंध में आवश्यक जानकारी अपलोड कर मोबाइल गुम की घर बैठे रिपोर्ट कर सकते हैं। डॉ पल्लव ने बताया कि पूर्व में भी 5/04/2024 को 115 और 25-06-2024 को 125 नग गुम मोबाईल को उनके वास्तविक मोबाईल धारकों को वापस किया गया था। गुम मोबाईल की पतासाजी में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग- निर्देशन पर निरीक्षक आशीष कंसारी प्रभारी सायबर सेल, निरीक्षक संतोष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक चंद्रकांत तिवारी एवं सायबर टीम की महत्तवपूर्ण भुमिका रही है।

छग प्रशिक्षित डीएड, बीएड संघ कवर्धा ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

कवर्धा (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ कवर्धा ने पूरे प्रदेश में 33000 शिक्षकों की भर्ती की मांग के साथ सिग्नल चौक पर इकट्ठा हुए और वहां से रैली की शक्ल में नारेबाजी के साथ ज्ञापन सौंपने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। लेकिन अंदर नहीं जाने दिया। इसलिए वे दरवाजे पर ही नारेबाजी करते रहे।

संघ ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर को 33000 शिक्षक भर्ती जारी करने के संदर्भ में ज्ञापन दिया। कवर्धा जिला के काफी संख्या में पहुंचे डीएड बीएड अभ्यर्थियों का कहना है कि बीजेपी द्वारा विधानसभा चुनाव से पूर्व घोषणा पत्र में 57000 शिक्षको की भर्ती का वादा किया गया था और पूर्व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 33000 शिक्षको के पदों की

घोषणा विधानसभा सत्र में की थी। लेकिन आज पर्यंत सरकार बने आठ माह से ज्यादा समय बीत गया है। इसके बाद भी शिक्षक भर्ती का नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। उसी के लिए आज कवर्धा जिला के साथ ही आज छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में 33000 शिक्षक भर्ती के मांग के लिए सभी बीएड डीएड अभ्यर्थी मिलकर मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन दिए हैं। अगर 33000 शिक्षक भर्ती का 15 सितंबर से पहले नोटिफिकेशन जारी नहीं होता है, तो 21 सितंबर 2024 को प्रदेश स्तरीय आंदोलन का आह्वान डीएड बीएड संघ ने किया है। जिसमें, डीएड बीएड संघ के प्रांतीय प्रवक्ता संजय खाण्डे, कवर्धा जिला अध्यक्ष इनायत खान एवं सभी पदाधिकारी व सदस्यगण अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

विभिन्न वाहन चालकों के खिलाफमोटरयान आधिनियम के तहत 27 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही हुई

कवर्धा (समय दर्शन)। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा लगातार कबीरधाम जिले के अंदर स्कूलों में संचालित नियमों का पालन नहीं करने वाले स्कूल बस, वैन, ज़ीप टैक्सी तथा माल्यान पर सवारी परिवहन करने वाले वाहनों पर गुरुवार को मोटरयान आधिनियम और छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम के तहत कार्यवाही की गई और विभिन्न वाहन चालकों से 27 हजार 500 रुपए जुर्माना लगाया है।

जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि स्कूलो में संचालित नियमों का पालन नहीं करने वाले स्कूल बस, वैन, ज़ीप टैक्सी तथा माल्यान पर सवारी परिवहन करने वाले वाहनो पर मोटरयान आधिनियम और छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम के तहत 27 हजार 500 रुपए की चलानी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्कूल वाहनों में माननीय उच्चतम न्यालय के दिशा निर्देश के अनुरूप सुरक्षा मानकां को ध्यान में रखते हुए संचालन करने के संबंध में समझाईश दी गई। साथ ही माल्यान पर सवारी परिवहन ना करने के व जीप टैक्सी वाहनों में सुरक्षित् यात्रा करने तथा करवाने के संबंध में समझाईश दी गईं।

डॉक्टर मुकुटधर पांडेय स्मृति सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक राजर्षि

कवर्धा (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक दिवस पर राजभवन के दरबार हॉल में कबीरधाम जिले के शिक्षक राजर्षि को डॉक्टर मुकुटधर पांडेय स्मृति सम्मान से महामहिम रमेंन डेका राज्यपाल, विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। राजभवन में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में तीन स्मृति पुरूस्कार एवम 52 शिक्षकों को राज्यपाल पुरूस्कार प्रदान दिया गया है। शिक्षक राजर्षि शालेय खेलकूद प्रतियोगिता ,पाइका खेल, ओपन खेलकूद प्रतियोगिता में लंबे समय से जुड़े रहकर राज्य एवम राष्ट्रीय उपलब्धि दे रहे है। शिक्षा के साथ लोककला, योग, विज्ञान, साहित्य के क्षेत्र में विशेष अभिरुचि व कार्य किए। इनकी

शाला प्रतिभागी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण रजत व कांशय पदक प्राप्त कर देश में स्थान बना चुके है। लोककला में राज्योत्सव के लिए चयनित भी हुए है। शिक्षक राजर्षि ने बापा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक वर्ष निशुल्क शिक्षण कार्य कर चुके है। शिक्षा जनजागरन अभियान जिला दल के साथ जुड़े रहे, ।मानवीय सवेंदना में घायल बच्चो का उपचार में मदद के साथ कोरोना महामारी आपदा के समय भी स्पोर्ट्स विथ डिस्टेंस ,के साथ शिक्षा से जुड़े रहे। इनका लेख ई रीडर में छपते रहा है। मेरी सफलता की कहानी व संकलन कार्य भी किए। इन्हें राज्यपाल पुरुस्कार राष्ट्रीय शिक्षा रत्न पुरस्कार अक्षय शिक्षा अलंकरण आदि पुरुस्कार मिल चुके हैं।

अजगर को मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद। मैनपुर देवभोग राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम कोयबा अमलीपारा निवासी नकुल मरकाम पिता बिरो सिंग गोंड़ वर्ष के द्वारा 4 सितंबर को शाम 7:30 बजे देवभोग राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करते हुए एक सरीसृप वन्यजीव अजगर को डन्डे से पीट पीट कर मार डाला गया।इसकी सुचना मिलने के आधार पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी रायपुर छ.ग.सुधीर अग्रवाल एवं मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर छ.ग विश्वेश कुमार झा और उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद लक्ष्मण सिंह और वरूण जैन के कुशल मार्गदर्शन में 5 सितंबर को आरोपी नकुल के द्वारा वन विभाग के टीम को गुमराह किया गया कि अजगर सांप जिन्दा था जिसे हम 3 लोग कोयबा गांव में सिंचाई विभाग द्वारा बनाये गये बांध में छोड़ा गया है।वन विभाग के टीम को आरोपी के बयान से संतुष्ट नही हुए इसलिए 6 सितंबर को अजगर को मारते हुए विड़ीयो के आधार पर फिर से नकुल मरकाम पिता बिरो सिंग को कड़ी पुछताछ किया गया।पुछताछ से आरोपी नकुल मरकाम के द्वारा अपराध कबुल किया गया।

पीएम जनमन शिविर से पीवीटीजी सदस्य हो रहे लाभान्वित

शासन की सुविधाओं का मिल रहा लाभ

गरियाबंद (समय दर्शन)। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम- जनमन) के अंतर्गत जिले में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।यह शिविर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से पीवीटीजी सदस्यों को मूलभूत सुविधाओं राशन कार्ड,जाति प्रमाण पत्र, पीएम आवास,आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड,वन अधकार पट्टा एवं पीएम किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।इसी के तहत फुलकर्रा, जामली,गुजरा, डूमरबहरा एवं छिंदोला सहित विभिन्न गांवों में शिविर आयोजित किया गया। जनमन शिविरों में पीवीटीजी सदस्यों को विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।इसी कड़ी में 7 सितंबर को जिले के 22 पीवीटीजी बसाहट गांवों में शिविर का आयोजन किया जायेगा।इनमें जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम हरदी,हाथबाय,जंगल धवलपुर,जोबा, कौंदकेरा एवं खरता में शिविर आयोजित की जोयेगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत छुरा के ग्राम कनेसर, केंवटीझर, कुडेरादादर, मडेली, लोहझर,मेंडकीडबरी, मुड़ागांव एवं मुढ़ीपानी में शिविर लगेगी।जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम हथखोज, परसदा एवं खैरझिटी तथा जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम घुमरापदर, खरीपथरा,कोयबा,कुचेंगा एवं कुहीमाल में शिविर का आयोजन किया जायेगा।कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शिविरों के सुचारू आयोजन के लिए नोडल अधिकारियों को शिविर स्थलों के निरीक्षण के निर्देश दिए है।

एयरटेल ने कई आकर्षक लाभों के साथ सीमित अवधि के लिए फेस्टिव ऑफर्स लॉन्च किया

नई दिल्ली: आगामी त्योहारों के जश्न में, भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज अपने प्रीपेड ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर लॉन्च किए।

यह ऑफर 6 सितंबर 2024 से 11 सितंबर 2024 तक केवल 6 दिनों के लिए वैध है , सीमित अवधि का सफेस्टिवऑफर्स ग्राहकों के लिए तैयार किये गए यह 3 विशेष पैक रु. 979, रु. 1029 और रु. 3599 पर कई लाभ देगा।

यह पैक वॉयस, डेटा और ओटीटी स्ट्रीमिंग सेवाओं के विशेष लाभों से भरे हुए हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है।

आईसीआरए ने वेदांता की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करते हुए किया एए

आईसीआरए ने वेदांता लिमिटेड की दीर्घावधि क्रेडिट रेटिंग को [ICRA] AA- से बढ़ाकर [ICRA] कर दिया है, जो कंपनी की मजबूत क्रेडिट प्रोफाइल को दर्शाता है। अल्पकालिक रेटिंग की भी [ICRA]Av+ पर फिर से पुष्टि की गई है।

यह अपग्रेड वेदांता समूह में दीर्घकालिक रणनीतिक विकास और वित्तीय मजबूती पर केंद्रित महत्वपूर्ण विकास के बीच हुआ है। वेदांता लिमिटेड ने 22,000 करोड़ रुपये से अधिक का वॉर चेस्ट बनाया है, जिसमें मुख्य रूप से मौजूदा नकदी भंडार, हिस्सेदारी बिक्री और अपनी सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) से हासिल लाभांश शामिल है। पिछली कुछ तिमाहियों में, वेदांता ने अपनी बैलेंस शीट को डीलीवरेज किया है, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में शुद्ध ऋण से ईबीआईटीडीए अनुपात में 1.9× से वर्तमान में 1.5× तक सुधार हुआ है।

U/s 72 of Partnership Act

It is brought to Public notice that on dt. 01/07/2024 Smt. Bhaskaran Suma Babu is retired And Mr. V.C. Jacob is Join our firm M/s J.B. Trades having Reg. No.735/2011-12 since 01/07/2024.

J.B. TRADES
V.K. BABU

Partner

संक्षिप्त-खबर

शासकीय प्राथमिक शाला बंसूला मे शिक्षक दिवस मनाया गया

बसना(समय दर्शन)। बसना विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला बंसुला में भूतपूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान पाठक रमेश चंद्र शर्मा एवं पूर्व प्राचार्य रमेश कर सरस्वती शिशु मंदिर बसना उपस्थित रहे । सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा राधाकृष्णन जी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत समिति के पदाधिकारीगणो के द्वारा श्रीफल एवं गमछा भेंटकर किया गया। तत्पश्चात नन्हे मुन्ने छात्रों के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर अपना भाषण एवं गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रमेश चंद्र शर्मा ने शिक्षक का क्या-क्या दायित्व होता है और उसे बच्चों को कैसे शिक्षा दान करना चाहिए, इसके संबंध में बच्चों को बताया। शिक्षाविद रमेश कर ने बताया कि, गुरु ही सबसे बड़ा होता है,इस संबंध में कुछ कहानी सुना कर बच्चों को संबोधित किया। अंत में आभार प्रदर्शन अनीता साहू मैडम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा ,अनीता साहू ,सीता साहू, पुष्पांजलि मैडम एवम् समिति के पदाधिकारी चमेली सागर ,भारत साव , उमा बंजारा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा के द्वारा किया गया।

शिक्षक दुर्गेश कुमार श्रीवास को मिला शिक्षादूत पुरस्कार

साजा (समय दर्शन)। साजा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला खैरझिटी कला में पदस्थ शिक्षक दुर्गेश कुमार श्रीवास को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अंलकरण सम्मान शिक्षा दूत पुरस्कार प्राप्त हुआ। 5 सितंबर शिक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू के हाथों सम्मान दिया गया। शिक्षक श्रीवास के द्वारा विगत कई वर्षों से टीएलएम बनाकर नवाचार के रूप में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण कराते आ रहे हैं। जिससे बच्चों को पाठ्यक्रम समझने में आसानी होती है। और बच्चे बड़े ही लगन से इस कार्य में रूचि रखते हैं। होने वाले प्रदर्शनी मेला में भी बच्चे टीएलएम को आसानी से बनाकर प्रतिभागी के रूप में शामिल होते हैं । इस तरह की उपलब्धि पर संकुल समन्वयक सीएससी , प्राचार्य एवं प्रधान पाठक समेत सभी शिक्षक साथियों में हर्ष व्याप्त है।

सिंघोड़ा में शिक्षक दिवस का आयोजन

सरायपाली (समय दर्शन)। शिक्षक दिवस के अवसर पर हाई स्कूल सिंघोड़ा में बच्चों के द्वारा कार्यक्रम अयोजित किया गया साथ ही बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण एसएमडीसी अध्यक्ष अनंतराम बीशी, उपाध्यक्ष ललित मेहर , सदस्यगण, सभी पालकों , ग्राम सिंघोड़ा, जामदलखा, चिवराकुटा, पलसाभाडी के सम्मानीय नागरिक, हाई स्कूल के प्राचार्य संतोष कुजूर, व्याख्यता भूषण पटेल , साकेत प्रधान समन्वयक सच्चिदानंद भोई की उपस्थिति में किया गया। अनंत राम बीसी द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों को शुभकामना संदेश देकर हाई स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया गया।

शिक्षक दिवस पर नागरिक कल्याण महाविद्यालय में शपथग्रहण

नंदिनी अहिवारा। जनभागीदारी अध्यक्ष पदभार ग्रहण एवं शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय के जनभागीदारी के अध्यक्ष के रूप में शपथ लिया। इस अवसर पर ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण विधानसभा रविशंकर सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा नटवर ताम्रकार अध्यक्ष नगर पालिका अहिवारा सतीश साहू विधायक प्रतिनिधि अहिवारा विधानसभा ,लीमन साहू मंडल अध्यक्ष भा.ज.पा. अहिवारा, संजय पांडेमहामंत्री भाजपा अहिवारा , प्रदीप सिंह राजपूत, के. के खेलवार जी ,अग्रलाल जोशी, पवन जैन, प्रेम सागर चतुर्वेदी, रामकुमार धनकर, उमेश मिश्रा, प्रवेश शर्मा, नागेश साहू व बड़ी संख्या में महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

गढ़फुलझर मंडल में सदस्यता अभियान महापर्व का शुभारंभ

बसना(समय दर्शन)। विधायक कार्यालय गढ़फुलझर मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसमें मंडल को जो लक्ष्य मिला हुआ है उससे डेढ़ गुना अधिक सदस्य बनाने के लिए जिले के उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को लक्ष्य दिया गया उन्होने बताया कि, हमारे इस मंडल में लगभग 46 हजार मतदाता हैं अत: पूरे मंडल मे कम से कम 30 हजार सदस्य बनाए जाएं। एक बूथ में औसतन 500 सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर दिया गये है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संगटन ने बूथ , शक्तिकेंद्र और मंडल स्तर में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर व्यवस्था बनाई है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ने सभी कार्यकर्ताओं को कमर कस कर मैदान में उतरने के लिए अपील किया गया।

बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगीत से हुआ । अपने प्रस्तावना भाषण में मंडल अध्यक्ष ने पूरे सदस्यता अभियान की रूपरेखा रखी और प्रत्येक बूथ में 500 सदस्य बनाने के लिए कार्यकर्तों को निर्देशित किया।

इस बैठक का संचालन मंडल महामंत्री नरेंद्र साहू पेंटर ने किया। आभार व्यक्त मंडल महामंत्री प्रहलाद साहू ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी , मण्डल अध्यक्ष माधव साव , मण्डल महामंत्री प्रहलाद साहू, मण्डल महामंत्री नरेन्द्र साहू, सुन्दर मणी मिश्रा, चन्द्रशेखर पाण्डे,सोमनाथ पाण्डे,नरहरी पोते, तेजेन्द्र पटेल, सुरेश साहू, गजानन पाण्डे, प्रहलाद बारिक, राजेश साव,भावेश साव, योगेश साहू,निमित साहू, महेंद्र प्रधान, दीनबंधु पाण्डे, कृष्ण चंद साव, जयकृष्ण प्रधान, अशोक साव, संजय भोई, तरूण गड़तिया,हेमचंद्र साव,भोजकुमार साव, सालिकराम, राजेन्द्र बाघ, मनोज यादव,निरंजन, रामलाल, भावेश, निराकार, राजेश गडतिया, बाबु लाल, रंजन,खोलबहरा, ऋषिकेश, रविन्द्र आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

शास. उच्च. माध्य. विद्यालय बरपानी में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया गया

बसना(समय दर्शन)। शासकीय प्राथमिक शाला, उच्च प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बरपानी में संयुक्त रूप से शिक्षक दिवस मनाया गया। संस्था प्रमुख रघुनन्दन पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती, डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन व भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर किया गया।

कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षकों व गणमान्य नागरिकों का गुलाल लगाकर, फूलो की माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल को रंगोली व गुब्बारों से मनमोहक सजाया गया था।

के एस ठाकुर द्वारा शिक्षक दिवस पर उद्बोधन दिया गया व छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखा गया।अश्वनी सांड (शिक्षक) द्वारा मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया ।

निर्मलसिह ठाकुर ने बच्चों को ज्ञानवर्धक बातें कर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

संस्था प्राचार्य रघुनन्दन पटेल ने कहानी के माध्यम से बच्चों को ज्ञानवर्धक बातें बताकर जीवन में अवसर को पहचान कर उसका सदुपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया।

उक्त कार्यक्रम में क्रीड़ा प्रतियोगिता का भी आयोजन शिक्षकों के बीच में किया गया। सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए के स्वल्पहार की व्यवस्था बच्चों के द्वारा की गई ।उक्त कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष दयाराम साव, सदस्य कृष्णा श्रीवास,विजय राजपूत,जयशंकर सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। शिक्षक के एस ठाकुर, व्ही तांदुलाने, ,जे के नायक, के के वर्मा, बी एल सिदार,एल एस भोई,संदीप कुमार साहू,लोचन पटेल,पवन पटेल, इंद्रा पटेल ,टी सी भोई,विनीता नायक, टी सी भोई मिडिल स्कूल स्टाफअश्वनी सांड,दीपक नायक,के बी नायक, प्रायमरी स्कूल स्टाफ ,यू एस ठाकुर मैडम, मनीराम मैत्री, द्वारिका चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बारहवीं की छात्रा ममता नायक ने किया। अंत में प्राचार्य आर. एन. पटेल द्वारा समस्त स्टाफ की ओर से सभी बच्चों का कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में मनाई गई शिक्षक दिवस

बसना(समय दर्शन)। 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर प्रधान पाठक गफ्फार खान द्वारा पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई और सभी को शिक्षक दिवस की बधाई दी गई।

तत्पश्चात विद्यालय के समस्त छात्रों द्वारा शिक्षक स्टाफ को तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक गफ्फार खान द्वारा भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके बाद बच्चो द्वारा गीत कविता प्रस्तुत किया गया । शाला की शिक्षिका प्रीतम पटेल मैम ने अपने आशीर्वचन में शिक्षकों का सदा सम्मान करने की बात कही,वहीं तंजू साव मैम ने अपने संबोधन में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से संबंधित कहानी सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया । शिक्षक दिवस पर छात्रों ने स्टाफके समस्त शिक्षकों को उपहार में कलम भेंट किया। शाला मे बच्चों को नेवता भोज का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के अंत मे प्रधान पाठक गफ्फार खान ने पुन: शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं व्याख्याता का किया गया सम्मान

दुर्ग (समय दर्शन)। बीआरजे शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं व्याख्याता को सम्मानजनक ढंग से आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया।

इस आयोजन में आदरणीय श्रीमती मिश्रा, श्रीमती रेखीय, डॉक्टर श्रीमती कृष्णा जोशी, एच एस वर्मा पूर्व प्राचार्य, श्रीमती सुजाता दत्ता, श्रीमती अरुणा श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा कासलीवाल, अनिल गुप्ता, डी एल चंद्राकर, डी के चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, श्री त्रिपाठी , श्री अली, श्रीमती यादव ,श्रीमती आरती दुबे की गरिमामय उपस्थिति में प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती कृष्णा अग्रवाल, समस्त स्टाफ एवं छात्राओं के द्वारा इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया ।

आमंत्रित सभी गुरुजनों के द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती जी एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात आमंत्रित अतिथियों का प्राचार्य एवं स्टाफ के सदस्यों द्वारा शॉल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ के द्वारा उनका स्वागत और सम्मान किया गया, तत्पश्चात स्टाफ के सभी गुरुओं का छात्राओं द्वारा सम्मान किया गया, स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती कृष्णा अग्रवाल द्वारा आमंत्रित सभी गुरु जनों का सहयोग संस्था में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से शाला की गुणवत्ता बढ़ाने में प्राप्त होता है और भविष्य में भी अग्रज गुरुओं की मार्गदर्शन की आवश्यकता की जानकारी दी गई, एवं आग्रह किया गया।

इस समारोह में सभी आमंत्रित गुरुजनों ने अपने उद्बोधन में संस्था को सहयोग का आश्वासन देते हुए गुरुओं का महत्व छात्राओं को बताया साथ ही अपने संस्मरण को याद किया गया एवं उदाहरण देते हुए शिक्षकों को भी उनके कर्तव्यों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। भूतपूर्व प्राचार्य श्री वर्मा ने कहा कि शिक्षक पद पाना आसान है परंतु सही मायने में शिक्षक बनना कठिन है उन्होंने स्वयं अपनी तरफ से भविष्य में प्रावीणय सूची में स्थान पाने वाली छात्रा को डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

आमंत्रित गुरुजनों द्वाराआर्थिक स्थिति से कमजोर छात्राओं की बोर्ड फीस के लिए सम्मानित राशि भी संस्था प्रमुख को भेंट की गई। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम भी शिक्षक के रूप में मां की भूमिका को ध्यान में रखते हुए अतिथि गुरुजनों के साथ मिलकर प्राचार्य एवं स्टाफ ने लगाया। संस्था की छात्राओं द्वारा गुरुजनों के सम्मान में गीत भाषण की प्रस्तुति दी गई। सभी आमंत्रित गुरुजनों को स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन नएवं छात्राओं का पूर्ण सहयोग बना रहा ।

शिक्षक दिवस पर हुआ विश्व रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पुस्तक का विमोचन

बसना (समय दर्शन)। बसना मे शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर विश्वरत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय साझा संग्रह पुस्तक का विमोचन हुआ। इस कार्यक्रम में संस्कार साहित्य मंच के पदाधिकारी गण धनीराम नंद, सुकमोती चौहान रूचि, मानक दास, प्रेमचंद साव, डॉ विजय कनौजे, शंकर सिदार, गणपत देवदास, परसुराम चौहान, रुपलता कुर्रे, आरती कुर्रे, जिज्ञासा कुर्रे, दीक्षा कुर्रे एवं आदित्य कुर्रे उपस्थित थे। शिक्षक दिवस के साथ साथ युवा कवि डिजेन्द्र कुर्रे कोहिनूर का भी जन्मदिन था। जन्मदिन के अवसर पर साहित्य संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संपादक डिजेन्द्र कुर्रे कोहिनूर ने कहा कि,इस पुनित दिवस में विश्वरत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर साझा संकलन का विमोचन होना गौरव का पल है। संस्कार मंच के सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम का संचालन गनपत देवदास के द्वारा किया गया। अंत में सभी साहित्यकारों को पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया।

नीट परीक्षा मे प्रथम प्रयास मे साहू समाज की एक और बेटी हुई चयनित, समाज जनो मे हर्ष का माहौल

- कु. गायत्री साहू ने आल इंडिया नीट परीक्षा मे 596 रेंक लाकर एम बी बी एस के लिए सिलेक्ट

शंकर लहरे

सरायपाली (समय दर्शन)। शहर में तेली साहू समाज की बिटिया का एमबीबीएस चयनित होने पर महलपारा निवासी सेतराम साव की नातिन तथा खीरोद साव एल आई सी अभिकर्ता की सुपुत्री *कु.गायत्री साहू* को जिसने बिना कोई ट्यूशन करे नीट जैसे कठिन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करके प्रथम प्रयास मे यह सफलता अर्जित की है अब वह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद मे दाखिला हो गई है वहाँ एम बी बी एस की चार वर्षीय कोर्स की पढ़ाई एवं चिकित्सा की पढ़ाई पुरी करेंगी एवं समाज एवं देश के लोगो का इलाज कर उन्हे नया जीवन देंगी।

साहू समाज युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ के द्वारा साल,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।युवा प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दुलीकेशन साहू ने कहा कि इन्होंने नीट परीक्षा में फ्री सीट शासकीय कोटे से चयनित हो कर समाज का गौरव बढ़ाया है हम बिटिया के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना करते हैं इनसे प्रभावित होकर और भी विद्यार्थी गण अपना लक्ष्य तय करेंगे ।तहसील साहू संघ के अध्यक्ष मनोहर साहू ने छात्रों के मनोबल को बढ़ाते हुए सभा को संबोधित करते हुए कहे कि किसी भी छात्र के जीवन में परीक्षा की घड़ी बहुत ही महत्वपूर्ण होती है. इस समय शांत मन से पढ़ाई करना ओर परीक्षा में सफल होना बहुत ज़रूरी होता है. परीक्षा के समय की गई चूक से किसी छात्र का पूरा साल बर्बाद हो जाता है, तो कोई छात्र प्रतियोगिता परीक्षा से बाहर हो जाता है. धैर्य पूर्वक अपने पाठ्यक्रम का अभ्यास करने के साथ ही अगर छात्र परीक्षा में सफलता के उपाय भी करते हैं तो उन्हें सफलता मिलने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है. प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ के रायपुर संभागीय संयुक्त सचिव नवीन कुमार साव ने कहा कि हमारे तेली समाज द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करने की परंपरा शुरुवात की गई है जिससे और भी छात्र-छात्राएं इनसे प्रेरणा ले सकें ,बिटिया कु. गायत्री साहू को उनके निज निवास सरायपाली मे जाकर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बिटिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई ।कु. गायत्री साहू ने समाज जनों को अपने घर मे आकर बधाई देने एवं शुभकामनाएं प्रेषित करने पर अत्यंत हर्ष एवं स्वयं को गौरवांवित महसूस कर समाज जनों का हृदय से आभार प्रकट करते हुए सब दिन स्नेह,प्यार और आशीर्वाद रखने की बात कही एवं मिठाई खिलाकर समस्त स्वजनों का आत्मीय स्वागत वंदन किया और हार्दिक धन्यवाद आभार प्रकट की ।इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संघठन सचिव श्री कृष्णा साहू रसोडा , तहसील साहू संघ पिथौरा के अध्यक्ष मनोहर साहू , जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी रूपानंद साव , बाराडोली परीक्षेत्र के अध्यक्षा एवं डूडमचुआ सरपंच श्रीमती शांति साहू सहित साहू समाज के अनेक लोग थे

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26